महानगर नई दिल्ली बुधवार 11 दिसंबर, 2019, रु. 5.00 (16 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

## राज्यसभा में आज पेश होगा नागरिकता संशोधन विधेयक

# पूर्वोत्तर राज्यों में आक्रोश

जनसत्ता ब्यूरो/भाषा
गुवाहाटी/ईटानगर/इम्फाल/अगरतला/शिलांग, 10 दिसंबर।

पूर्वोत्तर भारत में राजनीतिक दलों, छात्र संगठनों और नागरिक संस्थाओं ने नागरिकता (संशोधन) विधेयक के खिलाफ मंगलवार को व्यापक प्रदर्शन किया। छात्र संगठनों की तरफ से संयुक्त रूप से 11 घंटे का बंद बुलाया गया।

इस विधेयक के खिलाफ क्षेत्र के विभिन्न संगठन लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस, एआइयूडीएफ, ऑल बाकी पेज 8 पर

**असम** में सुरक्षा बलों से भिड़े प्रदर्शनकारी

**विरोध** के दौरान पथराव, आगजनी

**त्रिपुरा** बाजार में भी लगाई आग



**गुवाहाटी** में मंगलवार को टायरों में आग लगाते प्रदर्शनकारी

# 'कैब' से अमेरिका को तकलीफ, पाक को मिर्ची

नई दिल्ली/वाशिंगटन/इस्लामाबाद, 10 दिसंबर (भाषा)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कुछ अन्य प्रमुख भारतीय नेताओं पर प्रतिबंध लगाने की अमेरिका के एक संघीय आयोग की मांग पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है।

अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिका के संघीय आयोग (यूएससीआइआरएफ) ने कहा है कि नागरिकता संशोधन विधेयक 'गलत दिशा में बढ़ाया गया एक खतरनाक कदम' है और यदि यह भारत की संसद में पारित होता है तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कुछ अन्य भारतीय नेताओं के खिलाफ प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। उधर पाकिस्तान ने भी नागरिकता विधेयक को 'प्रतिगामी व पक्षपातपूर्ण' बताया और इसे नई दिल्ली का पड़ोसी देशों के मामलों में 'दखल' का 'दुर्भावनापूर्ण इरादा' बताया। जबकि भारत ने पाकिस्तान के इन बाकी पेज 8 पर

**भारत ने विरोध जताते हुए कहा**

अमेरिकी संघीय आयोग का बयान न तो सही, न ही वांछित



## कुलदीप सेंगर के खिलाफ मामले में 16 को फैसला

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 दिसंबर।

अपहरण और बलात्कार के मामले में आरोपित भाजपा के निष्कासित विधायक कुलदीप सेंगर के खिलाफ दिल्ली में चल रहे मामले की सुनवाई मंगलवार को पूरी कर ली गई।

**सुप्रीम कोर्ट** के आदेश पर दिल्ली के तीस हजारी में चल रहा मामला

2017 में उन्नाव में एक महिला का अपहरण और बलात्कार करने का यह मामला सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर दिल्ली के बाकी पेज 8 पर

## निर्भया मामले में आखिरी दोषी की सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका

जनसत्ता ब्यूरो/एजंसी
नई दिल्ली, 10 दिसंबर।

राजधानी में दिसंबर 2012 के निर्भया सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले में मौत की सजा पाने वाले चार दोषियों में से अंतिम दोषी ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की है।

सुप्रीम कोर्ट ने नौ जुलाई 2018 को इस सनसनीखेज अपराध में संलिप्त चार में से तीन दोषियों की पुनर्विचार याचिकाएं खारिज कर दी थीं। अभी तक पुनर्विचार याचिका दायर नहीं करने वाले दोषी 31 वर्षीय अक्षय के वकील एपी सिंह ने बताया कि उसने मंगलवार को इस संबंध में याचिका दायर की है। इस बीच दिल्ली की मंडोली जेल में रखे गए इस मामले के एक अन्य दोषी को तिहाड़ जेल में स्थानांतरित किया गया।

**मामले** के एक अन्य दोषी को मंडोली जेल से तिहाड़ लाया गया

शीर्ष अदालत ने इससे पहले मुकेश, पवन गुप्ता और विनय शर्मा की पुनर्विचार याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थीं कि फैसले पर विचार करने का कोई आधार नहीं है। अदालत ने 2017 में निर्भया कांड के दोषियों को मौत की सजा देने के दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था। हाई कोर्ट ने इन बाकी पेज 8 पर

## 'जवाब मिलने तक राज्यसभा में समर्थन नहीं'

### कहा, धारणा बदलें कि विधेयक के समर्थक देशभक्त और विरोधी राष्ट्रद्रोही

मुंबई, 10 दिसंबर (भाषा)।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को कहा कि शिवसेना राज्यसभा में तब तक नागरिकता (संशोधन) विधेयक का समर्थन नहीं करेगी, जब तक कि पार्टी द्वारा लोकसभा में उठाए गए सवालों का जवाब नहीं मिल जाता।

**नागरिकता विधेयक**

दूसरी ओर राकांपा ने महाराष्ट्र में अपने गठबंधन साझेदार शिवसेना के लोकसभा में नागरिकता संशोधन विधेयक (कैब) का समर्थन करने पर मंगलवार को कहा कि दोनों पार्टिया अलग हैं और उनके लिए हमेशा सभी मुद्दों पर समान विचार रखना संभव नहीं है।

**ठाकरे** ने कहा विधेयक पर विस्तृत चर्चा जरूरी है। मोदी सरकार को इस विधेयक को लागू करने से अधिक अर्थव्यवस्था, नौकरी संकट और बढ़ती महंगाई पर चिंतित होना चाहिए।



लोकसभा ने सोमवार को इस विधेयक को पारित कर दिया है, जिसमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक प्रताड़ना के कारण 31 बाकी पेज 8 पर

### जद (एकी) में दरार

पटना, 10 दिसंबर (भाषा)।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल नीतीश कुमार नीत जद (एकी) द्वारा नागरिकता संशोधन विधेयक (कैब) का समर्थन किए जाने के बाद पार्टी के ही दो पदाधिकारियों ने अपने अलग विचार व्यक्त किए हैं। जद (एकी) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रशांत किशोर और बाकी पेज 8 पर

## 'सिफारिश के छह महीने में हो न्यायाधीशों की नियुक्ति'

नई दिल्ली, 10 दिसंबर (भाषा)।



सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के 1,079 स्वीकृत पदों के मुकाबले 410 पद रिक्त होने को गंभीरता से लेते हुए आदेश दिया है कि ये नियुक्तियां किसी व्यक्ति के नाम को कॉलेजियम और सरकार द्वारा मंजूरी मिलने के छह महीने के भीतर की जानी चाहिए।

न्यायमूर्ति एसके कौल और न्यायमूर्ति केएम जोसेफ के पीठ ने छह दिसंबर के अपने आदेश में कहा, 'ऐसे मामलों में जिनमें उच्च न्यायालय कॉलेजियम की सिफारिशों को उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम और सरकार की मंजूरी से मिलती है, कम से कम उनमें नियुक्तियां छह महीने के भीतर होनी चाहिए।' बाकी पेज 8 पर

## नानावती आयोग की अंतिम रिपोर्ट आज विधानसभा में

अमदाबाद, 10 दिसंबर (भाषा)।

वर्ष 2002 के गुजरात दंगों और उन पर की गई कार्रवाई पर न्यायमूर्ति नानावती-मेहता आयोग की अंतिम रिपोर्ट बुधवार को विधानसभा में पेश की जाएगी।

आयोग की रिपोर्ट का पहला हिस्सा 25 सितंबर, 2009 को विधानसभा में पेश किया गया था। यह आयोग गोधरा ट्रेन अग्निकांड और बाद में फैले सांप्रदायिक दंगों के कारणों की जांच के बनाया गया था। आयोग ने 18 नवंबर, 2014 को तत्कालीन मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपी थी। लेकिन तब से यह रिपोर्ट राज्य सरकार के पास ही है।

**गुजरात दंगे**

राज्य सरकार ने इस साल सितंबर में गुजरात हाई कोर्ट से कहा था कि वह अगले विधानसभा सत्र बाकी पेज 8 पर

## बीएचयू के प्रोफेसर खान ने धर्म संकाय से दिया इस्तीफा

वाराणसी 10 दिसंबर (भाषा)।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के प्रोफेसर डॉ फिरोज खान ने इस्तीफा दे दिया है। प्रोफेसर खान ने कला संकाय के संस्कृत विभाग में अपने नियुक्ति को कारण बताते हुए इस्तीफा दिया है।



संकाय प्रमुख द्वारा इस बात की आधिकारिक घोषणा होते ही छात्रों ने धरना समाप्त कर दिया। खान ने संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान बाकी पेज 8 पर

## सुरक्षा मामलों में सहमति के बिना जानकारी पाने की होगी छूट

नई दिल्ली, 10 दिसंबर (भाषा)।

व्यक्तिगत डेटा संरक्षण के लिए बनाए जाने वाले कानून के लिए तैयार विधेयक के मसौदा में सरकारी एजंसियों को क्रेडिट स्कोर, कर्ज वसूली और सुरक्षा से जुड़े मामलों में बिना डेटा मालिक के सहमति के आंकड़ों का प्रसंस्करण करने की छूट दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक 2019 का मसौदा कंपनियों को बिना सहमति के व्यक्तिगत आंकड़ों का प्रसंस्करण और उनके संग्रहण से रोकता है। विधेयक को अगले कुछ दिनों में लोकसभा में पेश किया जा सकता है। हालांकि यह प्रस्तावित कानून कुछ उचित उद्देश्यों के लिए आंकड़ों के प्रसंस्करण की छूट देता है। इनमें धोखाधड़ी समेत अन्य गैरकानूनी गतिविधियों का पता लगाना और बाकी पेज 8 पर

**डेटा संरक्षण विधेयक**

व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक 2019 का मसौदा कंपनियों को बिना सहमति के व्यक्तिगत आंकड़ों का प्रसंस्करण और उनके संग्रहण से रोकता है।

**नीलामी** नरेंद्र मोदी के साथ महात्मा गांधी वाले चित्र की सबसे ऊंची लगी बोली

## प्रधानमंत्री के उपहारों से 15.13 करोड़ की आय

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 दिसंबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले उपहारों व स्मृति चिह्नों की नीलामी से 15.13 करोड़ रुपए की आय हुई है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी। राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने इस संबंध में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय से जवाब मांगा था।

मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ये उपहार और स्मृति चिह्न 2015 से 24 अक्तूबर 2019 तक प्राप्त हुए थे। इसके लिए मंत्रालय की तरफ से 18 फरवरी से 20 फरवरी 2015, 27 जनवरी से एक अप्रैल 2019 तथा 24 सितंबर से 24 अक्तूबर 2019 के बीच नीलामी आयोजित की गई। इस सवाल में ही राकेश सिन्हा ने बाकी पेज 8 पर



**केंद्रीय** संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी।
**राज्यसभा** सांसद राकेश सिन्हा ने इस संबंध में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय से जवाब मांगा था।




www.readwhere.com

**मौसम**

| तापमान | नोएडा | गाजियाबाद | गुरुग्राम | फरीदाबाद |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 22.8 डि.से. | 22.8 डि.से. | 21.9 डि.से. | 22.8 डि.से. |
| न्यूनतम | 7.4 डि.से. | 7.4 डि.से. | 7.5 डि.से. | 7.5 डि.से. |



# शिक्षा के मुद्दों को लेकर एनएसयूआइ सड़क पर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 दिसंबर।

कांग्रेस की छात्र इकाई (एनएसयूआइ) ने मंगलवार को केंद्र सरकार की शिक्षा नीति और छात्र विरोधी कदमों के विरोध में रैली निकाली। मंडी हाउस से छात्र अधिकार रैली की शुरुआत हुई। इस दौरान प्रदर्शनकारी नारे लगा रहे थे। वे हाथों में तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर शुल्क वृद्धि और परिसरों के भगवाकरण, शिक्षा के निजीकरण के खिलाफ नारे लिखे हुए थे। एनएसयूआइ ने इस रैली के जरिए शिक्षा का निजीकरण, बेरोजगारी की समस्या, विश्वविद्यालयों मे लगातार फीस वृद्धि समेत तमाम छात्र व युवाओं के मुद्दे को उठाया।

छात्र अधिकार रैली में देशभर के तमाम कोने से हजारों की संख्या में आए छात्र और छात्राओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। एनएसयूआइ की छात्र अधिकार रैली मंडी हाउस से शुरू होकर संसद मार्ग पर खत्म हुई। मंडी हाउस पर छात्रों ने चाय बेचकर, पकौड़े तलकर, पापड़ बेचकर भी अपना विरोध दर्ज कराया। संसद मार्ग पर इस रैली को एनएसयूआइ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन समेत कई प्रदेश के अध्यक्षों ने संबोधित किया। आइसीसी के सचिव व गुजरात के प्रभारी राजीव सातव ने अपने संबोधन में गुजरात में सरकारी भर्ती में अनियमिताओं व पेपर लीक के मुद्दे को उठाते हुए रुपाणी सरकार को छात्र व युवा विरोधी बताया।




छात्र अधिकार रैली में पहुंचे एनएसयूआइ के सैकड़ों कार्यकर्ता। फोटो : अरुष चोपड़ा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी शिक्षा के निजीकरण व नई शिक्षा नीति को निंदनीय करार दिया। संसद मार्ग से जब यह रैली आगे बढ़ी तो पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। कई छात्रों को हिरासत में लिया गया। छात्रों को संसद मार्ग थाना, मंदिर मार्ग समेत अलग-अलग थानों में कुछ समय के लिए रोके रखा गया।

# 2020 में आठ मेट्रो स्टेशन और 62 जगहों से मिलेंगी ई साइकिल

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 10 दिसंबर।

- ऐप आधारित ई साइकिल का एक रुपए प्रति मिनट हो सकता है शुल्क
- स्टैंड संचालित करने की इच्छुक कंपनियों से मांगे आवेदन, 24 दिसंबर को होगी प्री-बिड बैठक

वायु प्रदूषण की रोकथाम और बढ़ते यातायात से निपटने के लिए 70 स्थानों से ई साइकिल दौड़ाने की तैयारी है। इनमें से 62 जगहों पर नोएडा प्राधिकरण और आठ स्थानों पर नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन स्टैंड बनाएगी। ई साइकिल स्टैंड संचालन के लिए कंपनियों से आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन करने वाली कंपनियों के साथ 24 दिसंबर को प्री बिड बैठक होगी। उसके बाद वित्तीय निविदा खोली जाएगी। सबसे कम दर पर संचालित करने वाली कंपनियों को चुना जाएगा। हालांकि ऐप संचालित ई साइकिल का किराया अभी तय होना बाकी है। माना जा रहा है कि शुरुआत पांच रुपए की दर से होगी। इसके बाद एक रुपए प्रति मिनट ई साइकिल का किराया तय होगा।

नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा, दोनों जगहों के चार- चार स्टेशन ई साइकिल के लिए चुने हैं। नोएडा में एक्वा लाइन के मेट्रो स्टेशन सेक्टर- 50, 51, 78 व 178 में और ग्रेटर नोएडा में अल्फा, डेल्टा, परी चौक एवं नॉलेज पार्क मेट्रो स्टेशन का चयन किया है। नोएडा सीईओ और एनएमआरसी की प्रबंध निदेशक, रितु माहेश्वरी ने मेट्रो के अलावा ई साइकिल संचालन को शहर में उपलब्ध कराने की पहल की है। इसके बाद इस योजना का दायरा बढ़ाकर शहर के भीड़-भाड़ वाले स्थानों को ई साइकिल स्टैंड के लिए चुना गया है। इसमें सेक्टर-18, 37 सहित अधिकांश ब्लू लाइन मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। ई साइकिल और स्टैंड के संचालन की पूरी जिम्मेदारी प्राधिकरण व एनएमआरसी की संयुक्त कमेटी की होगी।

एनएमआरसी ने इसके लिए यूटीवी मोबिलिटी चार्टड मोटर साइकिल कंपनी से समझौता किया है। जबकि प्राधिकरण ने कंपनी चयन के लिए निविदा आमंत्रित की है। बताया गया है कि ई साइकिल ऐप आधारित होंगी।

इसके लिए केवाइसी कराना होगा। इसके बाद ही स्टैंड पर ऐप की मदद से साइकिल ऑन होगी। साइकिल वापस स्टैंड पर लाने के बाद वह अपने आप बंद हो जाएगी। साइकिल में जीपीएस भी होगा, जो लोकेशन बताता रहेगा। ई साइकिल लेने के लिए जमानत राशि नहीं जमा करनी होगी। प्राधिकरण के महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने बताया कि ई साइकिल स्टैंड संचालन के लिए इच्छुक कंपनियों से आवेदन मांगे गए हैं। आवेदनों के आने के बाद एक कंपनी का चुनाव किया जाएगा।

# 35 फीसद स्कूल चल रहे बिना दमकल की मंजूरी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 दिसंबर।

दिल्ली के 35 फीसद स्कूलों के पास दमकल की अनापत्ति नहीं है। सूचना के अधिकार के माध्यम से भाजपा ने यह रिपोर्ट दी है। भाजपा नेता रमेश विधूड़ी व प्रवक्ता हरीश खुराना ने यह रिपोर्ट जारी की। उन्होंने दिल्ली के स्कूलों की खराब हालत पर चिंता जाहिर की है और दिल्ली सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द स्कूलों की दमकल सुरक्षा जांच कराई जाए ताकि किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोका जा सके।

उन्होंने कहा कि रानी झांसी रोड स्थित अनाज मंडी में हुए हादसे से दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरा देश स्तब्ध है। भाजपा कार्यकर्ता पूरी तरह से इस तरह की घटनाओं पर नजर बनाए हुए हैं और हर संभव मदद पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सूचना के अधिकार से दिल्ली सरकार की लापरवाही साफ उजागर हो रही है। इसलिए ऐसे हादसों से सरकार को तत्काल सबक लेना चाहिए। रमेश बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में 1087 सरकारी स्कूलों में से 565 ऐसे हैं जिनके पास दमकल की अनापत्ति नहीं है। यह प्रमाण पत्र दमकल स्कूलों की जांच के बाद जारी करता है। प्रवक्ता हरीश खुराना ने बताया कि रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के 35 फीसद स्कूलों की अनापत्ति खत्म हो चुकी है या फिर बिना मंजूरी के स्कूल चल रहे हैं।

### नई बसों की शुरुआत, आम जनता के साथ धोखा

सौ नई बसों की शुरुआत को भारतीय जनता पार्टी ने धोखा बताया है। प्रदेश महामंत्री रवींद्र गुप्ता ने कहा कि आबादी के हिसाब से दिल्ली को 11000 बसों की जरूरत है और वर्तमान में दिल्ली में लगभग 3800 बसें हैं। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली चुनाव से कुछ दिन पहले 100-100 करके बसों को लाकर दिल्ली सरकार अपनी नाकामी को छुपाने की कोशिश कर रही है। मीडिया प्रभारी प्रत्यूष कंठ ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में सबसे अधिक भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है और परिवहन व्यवस्था को लचर व पंगु बना दिया है। पर्याप्त बसें नहीं होने की वजह से जनता को निजी वाहनों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है, जो प्रदूषण बढ़ने का एक बड़ा कारण भी है।

# सरकार की शिक्षा नीतियों के खिलाफ आठ जनवरी को देशव्यापी हड़ताल करेंगे विद्यार्थी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 दिसंबर।

शिक्षा को बचाने के उद्देश्य से विभिन्न छात्र संगठनों ने अखिल भारतीय मोर्चा बनाया है। मोर्चे की ओर से केंद्र सरकार की विद्यार्थी विरोधी नीतियों के खिलाफ आठ जनवरी को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ के नेतृत्व में गठित इस अखिल भारतीय मोर्चे में एसएफआइ, एआइएसएफ, आइसा, एनएसयूआइ, सीवाइएसएस, समाजवादी छात्र सभा, छात्र राष्ट्रीय जनता दल, बापसा, डीएसएफ, बासो आदि शामिल हैं। सभी छात्र संगठनों के नेताओं ने मंगलवार को प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर आगे की रणनीति का खुलासा किया। एसएफआइ के मसूख बिस्वास ने कहा कि केंद्र सरकार दलितों, अल्पसंख्यकों और जनजातियों के विद्यार्थियों को शिक्षा से दूर कर रही है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के पास विदेशों में दौरे करने के लिए और मूर्तियां बनाने के लिए पैसा है लेकिन शिक्षा के लिए नहीं है।

**जेएनयूएसयू की एचआरडी मंत्रालय अधिकारियों से बातचीत**

जेएनयू छात्र संघ ने मंगलवार को मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की और छात्रावास शुल्क में वृद्धि पूरी तरह वापस लेने तथा परीक्षाएं स्थगित करने की अपनी मांग दोहराई। सेमेस्टर परीक्षाएं 12 दिसंबर से होने वाली हैं। छात्र संघ ने कहा है कि जब तक उसकी मांग नहीं मान ली जाती है, तब तक वह परीक्षा का बहिष्कार करेगा। सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि वे परीक्षाएं स्थगित कराने का प्रयास करेंगे और छात्र संघ को अधिसूचित करने के बारे में भी विश्वविद्यालय प्रशासन से बात करेंगे।

आइसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष एन साईं बालाजी ने कहा कि सोमवार को जेएनयू विद्यार्थियों के मार्च पर पुलिस ने बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया जिसमें 30 से 35 विद्यार्थी घायल हुए। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं इस दौरान हमारे मीडिया के मित्र और कुछ आम लोग भी घायल हुए। उन्होंने कहा कि हम पुलिस लाठीचार्ज की निंदा करते हैं। बालाजी ने कहा कि एनआरसी को लागू करने के लिए सरकार के पास पैसा है लेकिन शिक्षा के लिए नहीं है। उन्होंने कहा कि ये नफरत फैलाने वाले कदमों पर तो लगातार धन लुटा रहे हैं लेकिन शिक्षा, जो नफरत को दूरी करती है, पर लगातार फंड कम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) आने वाली है और इसमें विदेशी व निजी विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हम किसी भी कीमत पर शिक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे चाहे हमें इसके लिए कुर्बानी ही क्यों न देनी पड़े। हम देश पर कुर्बान होने के लिए हमेशा तैयार हैं। मोर्चे ने संयुक्त रूप से तय किया है कि केंद्र सरकार की शिक्षा नीतियों के खिलाफ देशभर में आठ जनवरी को हड़ताल की जाएगी।

# बलात्कार का वीडियो बनाया, धमकी देकर मांगे छह लाख रुपए

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 10 दिसंबर।

थाना नॉलेज पार्क इलाके में रहने वाली एक घरेलू सहायिका के साथ होटल के कमरे में बलात्कार के आरोप में दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों ने उसका अश्लील वीडियो बनाकर पीड़िता को एक महीने तक ब्लैकमेल किया। आरोपी ने पीड़िता से छह लाख रुपए मांगे। रुपए नहीं देने पर आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुख्य आरोपी व एसी की मरम्मत करने वाले, ऑटो चालक और उसकी पत्नी को पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

थाना नॉलेज पार्क इलाके में रहने वाली घरेलू सहायिका का काम करने वाली एक नाबालिग युवती की पहचान ऑटो चालक अजरुन व उसकी पत्नी से थी। अजरुन ने युवती की मुलाकात फरमान नामक युवक से कराई थी। आरोप है कि फरमान ने उसका बलात्कार किया।

# रकम दोगुनी करने वाले दो आरोपी नकली नोटों के साथ गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 10 दिसंबर।

थाना सेक्टर-24 पुलिस ने एनजीओ के नाम पर साढ़े तीन करोड़ रुपए को दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों ठग अब तक सैकड़ों लोगों को एनजीओ के नाम पर दोगुनी रकम करने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी कर चुके थे। पुलिस ने आरोपियों को सोमवार शाम नोएडा स्टेडियम के गेट नंबर-4 के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास दो बैग में 2.20 करोड़ के फर्जी कागजी नोट बरामद हुए हैं।

थाना सेक्टर-24 के एसओ रामफल सिंह ने बताया कि खोड़ा कॉलोनी निवासी गुड्डू खान ने आठ दिसंबर को शिकायत दी कि राहुल नाम का युवक रकम दोगुनी करने का लालच देकर लोगों से ठगी कर रहा है। शिकायत के बाद पुलिस ने गुड्डू के जरिए आरोपी राहुल और उसके साथी को नोएडा बुलाया। गुड्डू ने आरोपियों ने कहा कि उसे 3.5 करोड़ रुपए दोगुना कराने हैं। इस पर आरोपियों ने बताया कि वे रकम लेकर आ रहे हैं। कुछ रुपए नकद देंगे, बाकी खाते में जमा कर दिए जाएंगे। दोनों आरोपी स्कूटी से सोमवार शाम नोएडा स्टेडियम के गेट नंबर चार के सामने पहुंचे। इसी बीच गुड्डू ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# चुनाव तैयारी के साथ चंदा भी जुटाएगी आम आदमी पार्टी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 दिसंबर।

विधानसभा चुनाव की तैयारियों के साथ आम आदमी पार्टी चंदा भी जुटाएगी। आम जनता से जुटाए गए पैसे की मदद से ही दिल्ली का चुनाव लड़ा जाएगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी के कामकाज की समीक्षा की। बैठक में सांसद, मंत्री, विधायक, पार्षद समेत सभी जिलों के प्रभारी भी बैठक में मौजूद थे। पार्टी के नेताओं ने बूथ संवाद कैंपेन की रिपोर्ट भी इस बैठक में दी।

'आप' बूथ संवाद को 24 दिसंबर तक आयोजित करेगी और इसके माध्यम से सभी 14 हजार बूथों पर विधायकों के नेतृत्व में जनसंवाद करेगी। दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने बताया कि पार्टी चंदे की मदद से आने वाले चुनाव को मजबूती से लड़ सकेगी। बैठक में विधायकों ने एक-एक बूथ पर लोगों की प्रतिक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनता 'आप' की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है।

# डीटीयू का छठा दीक्षांत शुक्रवार को

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 दिसंबर।

दिल्ली प्राद्यौगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) के छठे दीक्षांत समारोह का आयोजन 13 दिसंबर को होगा। समारोह में कुल 2,145 विद्यार्थियों को उपाधियों से अलंकृत किया जाएगा। इसमें स्नातक स्तर के 1636, स्नातकोत्तर के 447 व पीएचडी के 62 विद्यार्थी शामिल हैं। 71 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे।

इस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता दिल्ली के उपराज्यपाल व डीटीयू के कुलाधिपति अनिल बैजल करेंगे। प्रोफेसर सिंह ने बताया कि समारोह में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया विशिष्ट अतिथि होंगे जबकि अल्फासीएस कॉरपोरेशन, यूएसए के सह-संस्थापक और डीसीई/ डीटीयू के पूर्व विद्यार्थी विनोद धाम मुख्यातिथि होंगे।

# समायोजन को लेकर डीयू शिक्षकों का पैदल मार्च

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 दिसंबर।



दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) ने मंगलवार को समायोजन और अन्य मुद्दों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ पैदल मार्च निकाला। इस पैदल मार्च में सैकड़ों शिक्षकों ने हिस्सा लिया और जमकर नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट किया। पुलिस ने पानी की बौछारों से शिक्षकों को तितर-बितर करने की भी कोशिश की। शिक्षकों की मांग है कि जो शिक्षक जहां तदर्थ के रूप में पढ़ा रहे हैं, वहीं उसे समायोजित किया जाए, साथ ही उसको पदोन्नति भी दी जाए।

शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डॉक्टर आलोक रंजन पांडेय ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने जिस हौसले को दिखाया है, उसे क्रांतिकारी सलाम। हमलोग धरना स्थल (कुलपति दफ्तर) से पैदल मार्च करते हुए जैसे ही गेट नंबर तीन पर पहुंचे वहां हमें आगे जाने से पुलिसकर्मियों द्वारा रोका गया, लेकिन हजारों शिक्षक गेट तोड़कर आगे बढ़ गए। फिर हम जैसे ही माल रोड की ओर आगे बढ़े वहां बैरिकेडिंग कर आगे जाने से रोका गया। फिर हमलोग एसओएल (स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग) की ओर गए जहां पुलिस द्वारा रोककर बल प्रयोग किया गया जिसमें कई शिक्षकों के घायल होने की भी सूचना है। घायलों में रूपेश शुक्ला और टीएन ओझा शामिल हैं।

फिर आंदोलन में शामिल शिक्षक वहां से समाज कार्य विभाग की ओर बढ़े तो वहां पानी की बौछारों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन को दबाने की कोशिश की गई। शिक्षक यहां से माल रोड पहुंचे और वहां रूककर जमकर नारेबाजी की। सारा वातावरण समायोजन के नारे से गूंज गया। इस प्रदर्शन का अहम मुद्दा तदर्थ शिक्षकों का समायोजन है।

डीयू में पढ़ा रहे करीब 5000 से अधिक शिक्षक अपनी स्थायी नियुक्ति को लेकर परेशान हैं जिसका हल 'एक बार समायोजन' द्वारा ही संभव है। यह समायोजन केवल नौकरी न होकर उनके जीवन-यापन का सवाल बन गया है। इस आंदोलन में जिस तरह से इन साथियों ने जज्बा दिखाया है, उससे यह लगता है कि इस बार समायोजन के मुद्दे पर कुछ निर्णायक हल निकलेगा।

# जलवायु परिवर्तन पर चिंता जताई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 दिसंबर।

युनाइटेड लॉयर्स एसोसिएशन (यूएलए) ने लगातार बढ़ रही ग्लोबल वार्मिग पर गहरी चिंता जताई है। वैश्विक स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग को काबू में रखने के लिए ग्रीन गाउस गैस उत्सर्जन के नियंत्रण के लिए निरंतर हो रहे प्रयासों पर भी एसोसिएशन ने सरोकार जताया है।

एसोसिएश्न अगले साल आठ जनवरी को पर्यावरणविद सुनीता नारायण का व्याख्यान भी आयोजित कर रही है। यह व्याख्यान मैड्रिड में दुनिया के 200 देशों के जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र की ओर से प्रायोजित और 13 दिसंबर को खत्म हो रहे सम्मेलन के निष्कर्ष और उसमें भारत की भूमिका पर केंद्रित होगा। यूएलए देश के नामचीन वकीलों का पुराना संगठन है। संगठन के अध्यक्ष सोली सोराबजी और महासचिव बीके पाल हैं।

## खबरों में शहर

### बस में लगी आग, पर्यटक बाल बाल बचे

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 दिसंबर।

द्वारका इलाके में मंगलवार को एक पर्यटकों की बस में आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि दस मिनट में पूरी बस को चपेट में ले लिया। लेकिन चालक की सूझबूझ से यात्रियों को समय से बाहर निकाल लिया गया। इस हादसे में कोई हताहत नही हुआ। यात्रियों के उतरने के बाद बस का अधिकांश हिस्सा पूरी तरह से जल गया। आग लगने की वजह अभी तक साफ नहीं हो पाई है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

### गणित के महारथी छोटे बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 10 दिसंबर।

सेक्टर-62 स्थित नोएडा एक्सपो सेंटर में सिप अकादमी क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें इंदिरापुरम, वैशाली, वसुंधरा, कौशांबी और दिल्ली समेत आसपास के इलाकों के बच्चों ने भाग लिया। छह से 12 वर्ष की आयु वाले बच्चों ने गणित के बड़े से बड़े अंकों का गुणा-भाग चुटकी बजाते ही कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अतुल्य राज को पुरस्कार दिया गया। अतुल्य राज इंदिरापुरम शाखा में पढ़ते हैं। अकादमी के देश भर में 800 केंद्र हैं, जहां बच्चों की बुद्धि का विकास किया जाता है। जिससे वे सामान्य बच्चों से इतर तेज गति से गुणा-भाग कर पाते हैं। अकादमी के अधिकारी रजत चड्ढा ने कहा कि इससे बच्चों में तीव्रता के अलावा ध्यान लगाने व याददाश्त बढ़ाने में मदद मिलती है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 दिसंबर

आम जनता को बीमारियों के प्रति जागरूक करने के लिए मंगलवार को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की तरफ से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। प्रकोष्ठ के सह प्रभारी अनिल गोयल ने कहा कि जिस तरह से पर्यावरण और वातावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। आम जनता में बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इनसे बचने के लिए सभी लोगों को हर छह महीने में अपने शरीर की सभी जांच करानी चाहिए। शिविर में चर्म रोग परामर्श, नेत्र रोग परामर्श, ब्लड प्रेशर चेकअप, ब्लड शुगर चेकअप आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। 300 से अधिक लोगों ने शिविर में पहुंच कर इन सुविधाओं का लाभ लिया।

### दुकान का गल्ला लूटने के आरोप में दो गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 10 दिसंबर।

पश्चिम जिले के राजोरी गार्डन थाने इलाके में एक दुकान से बदमाशों ने रुपए से भरा गल्ला लूट लिया। पुलिस ने दो बदमाशों को खदेड़कर दबोच लिया गया जबकि अभी भी तीसरे की तलाश जारी है। जिला पुलिस उपायुक्त दीपक पुरोहित के मुताबिक पकड़े गए दोनों आरोपियों का नाम लवप्रीत और साहिल है। दोनों चंद्र विहार के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक पीसीआर को सूचना मिली थी कि एक युवक बंदूक के बल पर एक दुकान से नकदी लेकर भाग रहा है। स्थानीय लोगों ने बदमाशों का पीछा किया और पुलिस को भी सूचना कर दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को गिरफ्तार कर गल्ला बरामद कर लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी साहिल पहले उसी दुकान पर काम करता था। लेकिन एक महीने पहले उसे नौकरी से निकाल दिया गया था।

## आज के कार्यक्रम

### सभा-संगोष्ठी

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : हिंदुत्व पर लिखी पुस्तक पर चर्चा, सभागार 2 और 3 , इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, कमलादेवी ब्लॉक, मैक्समूलर मार्ग, शाम साढ़े छह बजे से।

### फिल्म

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : फिल्म, सीडी देशमुख सभागार, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर , मैक्समूलर मार्ग, शाम साढ़े छह बजे से।

### प्रदर्शनी

जापानी फाउंडेशन : कार्यशाला 'हार्मोनी' का आयोजन, 5ए, रिंग रोड लाजपत नगर 4, सुबह दस बजे से, 21 दिसंबर तक।

www.readwhere.com

# आशंका और सवाल

नागरिकता संशोधन विधेयक लोकसभा में पास भले हो गया हो, लेकिन इसे लेकर देश के विभिन्न इलाकों में जिस तरह का भय और संदेह पैदा हो रहा है, उसे अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता। इस विधेयक के विरोध में मंगलवार को असम, मेघालय, त्रिपुरा सहित पूर्वोत्तर के कई इलाकों में लोग सड़कों पर उतरे, बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए, हिंसा-आगजनी की खबरें आईं। इतना ही नहीं, लोकसभा में सोमवार को देर रात तक चली तीखी बहस में दशकों पुराने मामले उखाड़े गए, एक पूरे इतिहास की गलतियों के ठीकरे फोड़े गए और बताया गया कि पहले भी शरणार्थियों को नागरिकता दी गई है। गृह मंत्री ने देश के बंटवारे के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया तो कांग्रेस ने बताया कि द्वि-राष्ट्र सिद्धांत का प्रस्ताव तो 1935 में पहली बार हिंदू महासभा के नेता वीर सावरकर ने रखा था। इन सबसे लगता है कि नागरिकता संशोधन विधेयक को लेकर जिस तरह की आशंकाएं और डर विपक्ष, देश के बुद्धिजीवियों और दूसरे वर्गों की ओर से व्यक्त किया जा रहा है, वह निराधार तो नहीं है। हालांकि अभी इस विधेयक पर राज्यसभा में चर्चा होनी है और सरकार वहां भी इसे पारित कराने में कामयाब हो जा सकती है। अगले चरण में यह कानून भी बन जा सकता है। लेकिन इसे लेकर विपक्ष के जो बुनियादी सवाल हैं, उनका जवाब शायद नहीं मिल पाए।

विपक्ष की आपत्ति शरणार्थियों को नागरिकता देने को लेकर नहीं है। उसकी आपत्ति धर्म के आधार पर नागरिकता देने को लेकर है। विधेयक में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए गैर-मुसलमानों को नागरिकता देने की बात है। इन गैर-मुसलमानों में इन तीनों देशों में अल्पसंख्यक के रूप में रह रहे हिंदू, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध और पारसी धर्म के लोग हैं। मुसलमानों को बाहर इसलिए रखा गया है कि इन देशों में मुसलमान अल्पसंख्यक नहीं हैं। लेकिन सवाल यह है कि जब भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है तो ऐसे में मुसलमानों को इससे बाहर रखा जाना संविधान की मूल भावना के खिलाफ है, जो भारत राष्ट्र-राज्य की संकल्पना पर चोट पहुंचाता है। इसीलिए विपक्ष इस विधेयक को अनैतिक और असंवैधानिक करार दिया है। भले ही सरकार कितनी सफाई दे और दावा करे कि यह विधेयक मुसलमानों के खिलाफ नहीं है, लेकिन इससे पूरे देश में जाहिर तौर पर यह संदेश गया है कि मुसलमानों के लिए भारत के दरवाजे बंद हैं। सरकार के लिए यह बड़ी चुनौती है कि वह विपक्ष और देश के नागरिकों खासतौर से मुस्लिम समुदाय के इस डर का समाधान कैसे करती है।

शरणार्थी और घुसपैठिए दोनों पुराने मुद्दे हैं। शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए किसी भी तरह के दस्तावेज की जरूरत भी खत्म कर दी गई है। एक मोटे अनुमान के मुताबिक इस वक्त भारत में करीब चौरासी हजार बांग्लादेशी शरणार्थी और एक लाख से ज्यादा तमिल शरणार्थी रह रहे हैं। यह वह आंकड़ा है जो सरकार के पास दर्ज है। लेकिन हकीकत में शरणार्थियों की संख्या इससे कहीं ज्यादा बताई जाती है। नागरिकता संशोधन विधेयक में तमिल शरणार्थियों को शामिल नहीं किया गया है। ऐसे में ये कहां जाएंगे? इससे भी बड़ा सवाल तो यह है कि एनआरसी से जो लोग बाहर हो गए हैं, उनका क्या होगा? इनकी तादाद तो लाखों में है। फिर घुसपैठियों और शरणार्थियों की पहचान कोई आसान काम तो है नहीं। पहचान के नाम पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस लोगों का उत्पीड़न करेगी और मानवाधिकार के सवाल उठेंगे। पूर्वोत्तर के ज्यादातर इलाकों में इनर लाइन परमिट व्यवस्था है, फिर भी सबसे ज्यादा चिंता और खौफ वहीं है। अगर सरकार नागरिकता संशोधन विधेयक को कानूनी जामा पहनाने की दिशा में बढ़ रही है तो इन सवालों पर भी गौर तो करना होगा।

# विचार के बजाय

बीते तीन हफ्तों के भीतर दूसरी बार जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने फीस बढ़ोतरी के मुद्दे पर विरोध जुलूस निकाला और एक बार फिर दिल्ली पुलिस ने उनसे निपटने के लिए धक्का-मुक्की और लाठीचार्ज को ही उपाय माना। क्या सचमुच ऐसे हालात पैदा हो गए थे, जिनमें में पुलिस को छात्रों और छात्राओं खिलाफ यह रवैया अपनाना जरूरी लगा? गौरतलब है कि सोमवार को जेएनयू के विद्यार्थियों का जुलूस अपनी मांगों के साथ राष्ट्रपति भवन की ओर बढ़ना शुरू हुआ तो रास्ते में पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की और फिर धक्का-मुक्की के बाद लाठीचार्ज भी किया। हालांकि पुलिस ने लाठीचार्ज के आरोपों से इनकार किया, लेकिन जिस तरह की तस्वीरें सामने आई हैं, वे अपने आप में काफी कुछ बताती हैं। खबरों के मुताबिक छात्राओं ने यहां तक आरोप लगाए कि पुरुष पुलिसकर्मियों ने उनके साथ बदसलूकी की। सवाल है कि शीर्ष स्तर के जो अधिकारी पुलिस को निर्देश दे रहे थे, क्या वे इस सबसे पूरी तरह अनभिज्ञ थे? विद्यार्थियों की मांगों पर विचार करने और सहमति पर आधारित किसी फैसले पर पहुंचने के बजाय दमन को ही आखिरी रास्ता क्यों मान लिया जाता है?

पिछली बार जब विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शन ने जोर पकड़ लिया था, तब जेएनयू प्रशासन ने बढ़ाए गए शुल्कों में मामूली कमी करने का प्रस्ताव दिया था। लेकिन विद्यार्थियों की नजर में वह नाकाफी था और वे पूरी बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग कर रहे थे। दरअसल, जेएनयू में उठे इस आंदोलन को मुख्य रूप से छात्रावास के शुल्क में बढ़ोतरी के तौर पर प्रचारित किया गया। लेकिन नई नियमावली में मेस सिक्युरिटी, बिजली-पानी समेत कुछ अन्य मदों में भी जो बढ़ोतरी की गई थी, उसमें वहां पढ़ाई और शोध कर रहे बहुत सारे विद्यार्थियों की पहुंच से बाहर होने की आशंका जताई गई। इसके अलावा, शुरू में पहनावे और छात्रावास में लौटने के समय के साथ पुस्तकालय की अवधि सीमित करने का भी प्रस्ताव था। इस समूची कवायद को जेएनयू में उच्च गुणवत्ता की पढ़ाई-लिखाई और उस तक समाज के कमजोर तबकों की पहुंच की परिकल्पना के विरुद्ध माना गया। जेएनयू प्रशासन के इन्हीं कदमों के खिलाफ विद्यार्थी आंदोलन पर उतरे और 'सस्ती शिक्षा, सबका अधिकार' को मुख्य नारा बनाया। उनके इस आंदोलन को दूसरे विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों का भी समर्थन मिला।

गौरतलब है कि पिछले प्रदर्शन के बाद जेएनयू के कई विद्यार्थियों पर मुकदमा कर दिया गया था। उसके बाद केंद्र सरकार ने अपनी ओर से मुद्दे के हल के लिए दखल देते हुए वे सभी मुकदमे वापस लेने, मौजूदा जेएनयूएसयू को अधिसूचित करने और एक समझौते तक पहुंचने की सलाह दी थी। विद्यार्थियों की ओर से उच्चाधिकार प्राप्त समिति की रिपोर्ट भी जारी करने की मांग की जा रही है। लेकिन यह समझना मुश्किल है कि जेएनयू प्रशासन की ओर से ऐसी पहल क्यों नहीं हो रही है कि शुल्क बढ़ोतरी के सिरे से जेएनयू में उठे विवाद का सर्वमान्य हाल निकाला जा सके? जेएनयू के विद्यार्थी अगर छात्रावास के शुल्क सहित कई मदों में बढ़ाए गए खर्च पर सवाल उठा रहे हैं और उसे वापस लेने की मांग कर रहे हैं तो क्या यह पूरी तरह अनुचित है और क्या इसके लिए उनसे सख्त तरीके से निपटना ही एकमात्र उपाय है? आखिर ऐसे सवाल क्यों उठने लगे हैं कि अगर देश भर में नेताओं, सांसदों-विधायकों के वेतन-भत्तों से लेकर निजी कंपनियों के टैक्स और कर्ज में अगर भारी रियायत दी जा सकती है तो शिक्षा के मद में खर्च को क्यों नहीं बढ़ाया जा सकता है!

## कल्पमेधा

**जिस समय हम समझते हैं कि हम नेतृत्व कर रहे हैं, उस समय अक्सर हम दूसरे के नेतृत्व में होते हैं।**

**- बायरन**

# स्वदेशी मिसाइलें और चुनौतियां

योगेश कुमार गोयल

**भारत के पास फिलहाल ब्रह्मोस जैसी 2.8 मैक गति वाली सुपरसोनिक मिसाइलें तो हैं, जो तीन सौ किलोग्राम हथियार के साथ करीब दो सौ नब्बे किलोमीटर तक हवा से हवा में मार कर सकती हैं। अमेरिका, रूस और चीन की बढ़ती मिसाइल ताकत की वजह से ही भारत को हाइपरसोनिक मिसाइलों का विकास करना जरूरी हो गया था।**

दुनियाभर में हथियारों की होड़ तेजी से बढ़ रही है। चीन और पाकिस्तान जैसे भारत के पड़ोसी देश भी अत्याधुनिक हथियारों से लैस होकर सैन्य ताकत बढ़ाने में जुटे हैं। इसी कारण भारतीय सेना को आधुनिक हथियारों से सुसज्जित करना समय की बड़ी मांग है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के साथ लगातार बढ़ते तनाव के बीच सऊदी अरब के बाद भारत दुनिया के दूसरे सबसे बड़े हथियार आयातक देश के रूप में उभरा है। पिछले कुछ समय में अमेरिका के अलावा रूस, इजरायल, फ्रांस आदि के साथ भारत ने अत्याधुनिक हथियारों और अन्य साजो-सामान की खरीद के लिए कई बड़े सौदे किए हैं। भविष्य की रणनीतियों और युद्ध के खतरों को ध्यान में रखते हुए सेना के सभी अंगों को अत्याधुनिक हथियारों से परिपूर्ण बनाना बेहद जरूरी भी है, लेकिन इसके साथ ही इस बात की भी जरूरत महसूस की जाती रही है कि अत्याधुनिक हथियारों की खरीद के लिए हम पूरी तरह से विदेशी हथियारों पर आश्रित न रह कर उन्नत स्वदेशी तकनीक वाले हथियारों से भी सेना को सुसज्जित किया जाए।

पिछले दिनों रक्षा मंत्री ने कहा था कि केवल हथियारों का आयातक बने रह कर कोई भी देश महाशक्ति नहीं बन सकता। पिछले कुछ सालों में भारत ने स्वदेशी तकनीक से निर्मित हाइपरसोनिक हथियारों और मिसाइलों से सेना की ताकत बढ़ाई है, जिनकी मारक क्षमता का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। भारत और रूस ने 2015 में पांच अरब डॉलर का हथियारों का करार किया था। इसके तहत अक्तूबर, 2020 तक सेना के बेड़े में दुनिया की सबसे आधुनिक और लंबी दूरी की एस-400 बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली शामिल होने वाली है। यह मिसाइल प्रणाली लड़ाकू विमानों और हर प्रकार के ड्रोन को निशाना बनाने और दुश्मन की तरफ से होने वाले किसी भी हवाई हमले को चार सौ किलोमीटर की दूरी पर ही खत्म करने में सक्षम है। इसके अलावा भारत में ही तैयार हो रही विभिन्न मिसाइलें भारत को मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। सीमित क्षमताओं के बावजूद रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय सेना की ताकत बढ़ाने के लिए कई रक्षा प्रणालियां, उत्पाद और प्रौद्योगिकियां विकसित करने में बड़ी कामयाबी हासिल की हैं। डीआरडीओ द्वारा विकसित अग्नि-2 बैलिस्टिक मिसाइल का पिछले दिनों पहली बार रात के समय सफल परीक्षण करते हुए भारत ने अपनी स्वदेशी मिसाइल ताकत का स्पष्ट अहसास कराया था। अब भारत रात में भी मिसाइल दागने और लक्ष्य भेदने की क्षमता हासिल कर लेने वाला देश बन गया है। अग्नि-2 मिसाइल 21 मीटर लंबी, 1.3 मीटर चौड़ी और सोलह टन वजनी है जो तीन हजार किलोमीटर तक के दायरे में लक्ष्य को भेद सकती है और यह परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम है। सतह से सतह पर प्रहार करने की क्षमता से लैस इस मिसाइल को वर्ष 2004 में ही सेना में शामिल कर लिया गया था, लेकिन रात के समय इसका सफल परीक्षण अब किया गया। अग्नि-2 के अलावा इसी शृंखला की सात सौ किलोमीटर तक मार कर सकने वाली अग्नि-1, तीन हजार किलोमीटर तक जाने वाली अग्नि-3, लंबी दूरी तक मार करने वाली अग्नि-4 और पांच हजार किलोमीटर तक मारक क्षमता वाली अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल अग्नि-5 भी भारत की मिसाइल परियोजनाओं की बड़ी देन रही हैं। अब अग्नि-6 पर भी तेजी से काम चल रहा है।



अमेरिका, रूस और चीन के पास इस समय विभिन्न प्रकार की हाइपरसोनिक मिसाइलें हैं। अमेरिका के पास एक साथ तीन परमाणु हथियार ले जाने और तीन अलग-अलग लक्ष्यों को भेदने में सक्षम तेरह हजार किलोमीटर की मारक क्षमता वाली एलजीएम-30 माइन्यूटमैन है तो रूस के पास एक साथ दस ठिकानों पर निशाना साधने में सक्षम सोलह हजार किलोमीटर की मारक क्षमता वाली आर-36 है। इसी तरह चीन के पास एक साथ दस से भी ज्यादा ठिकानों पर निशाना साधने में सक्षम डोंगफेंग-41 मिसाइल है। पांचवीं पीढ़ी का हथियार मानी जा रही हाइपरसोनिक मिसाइल की गति कम से कम पांच मैक होती है और एक मैक गति ध्वनि की गति के बराबर मानी जाती है, यानी ध्वनि से पांच गुना तेज गति वाली मिसाइलें ही हाइपरसोनिक मिसाइलें कहलाती हैं, जो एक सेकेंड में एक मील से भी ज्यादा दूरी तय करती हैं। ध्वनि की गति से दो से तीन गुना अधिक गति वाली मिसाइलें सुपरसोनिक मिसाइल कहलाती हैं। भारत के पास फिलहाल ब्रह्मोस जैसी 2.8 मैक गति वाली सुपरसोनिक मिसाइलें तो हैं, जो तीन सौ किलोग्राम हथियार के साथ करीब दो सौ नब्बे किलोमीटर तक हवा से हवा में मार कर सकती हैं। अमेरिका, रूस और चीन की बढ़ती मिसाइल ताकत की वजह से ही भारत को हाइपरसोनिक मिसाइलों का विकास करना जरूरी हो गया था।

अगर बात की जाए भारत और रूस के साझा प्रयासों से बनी ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल की तो नौसेना, थलसेना और वायुसेना की जरूरतों के आधार पर समुद्र, जमीन और आकाश से दागे जाने वाले इस मिसाइल के कई संस्करण पहले ही तैयार हो चुके हैं, लेकिन सितंबर 2019 में ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल के जिस विशेष संस्करण का सफल परीक्षण किया गया, उस टू-इन-वन मिसाइल को जमीन के अलावा समुद्री पोतों और पनडुब्बियों से भी दागा जा सकता है। यह दुनिया की सबसे तेज क्रूज मिसाइल है और वर्ष 2020 तक सुखोई-30 लड़ाकू विमानों में भी ब्रह्मोस तैनात कर दिए जाने की योजना है। पिछले महीने डीआरडीओ द्वारा ही तैयार साढ़े तीन हजार किलोमीटर की मारक क्षमता वाली के-4 परमाणु मिसाइल का भी परीक्षण किया गया था। वैसे वर्ष 2010 से अभी तक इसके कई परीक्षण किए जा चुके हैं और अब परीक्षण के दौरान यह शून्य त्रुटि के साथ लक्ष्य को भेदते हुए सभी मानकों पर खरी उतरी है। इन सफल परीक्षणों के बाद भारत अब अमेरिका, रूस, फ्रांस और चीन के बाद पानी के भीतर मिसाइल दागने की अभूतपूर्व ताकत और तकनीक रखने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया है।

इस साल सितंबर में भारत पूर्णरूप से स्वदेशी 'अस्त्र' मिसाइल का भी सफल परीक्षण कर चुका है। 'अस्त्र' मिसाइल हवा से हवा में मार करने वाली पहली पूर्ण स्वदेशी मिसाइल है, जिसमें अलग-अलग ऊंचाई पर उड़ान भर रहे कम व लंबी दूरी के हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने की क्षमता है। ठोस ईंधन से चलने वाली यह मिसाइल दुश्मन देशों के रडार की आंखों में धूल झोंकने की क्षमता से भी लैस है और पंद्रह किलोग्राम विस्फोटकों से लैस होकर यह साढ़े पांच हजार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वार कर सकती है। चूंकि यह प्रक्षेपण के तुरंत बाद बड़ी तेजी से अपने लक्ष्य को भेदती है, इसीलिए इसे 'बियॉन्ड विजुअल रेंज मिसाइल' भी कहा गया है। इस मिसाइल को विशेष रूप से मिराज, सुखोई एसयू-30, एलसीए तेजस, मिग-29 और मिग-21 बायसन जैसे लड़ाकू विमानों में लगाने के लिए विकसित किया गया है और अब इसका नया विकसित संस्करण बनाने की तैयारी भी शुरू हो गई है।

अगर भारत द्वारा विकसित की गई अन्य स्वदेशी मिसाइलों पर नजर दौड़ाएं तो सतह से सतह पर मार करने वाली, सतह से हवा में मार करने वाली, हवा से हवा में मार करने वाली और हवा से सतह पर मार करने वाली अनेक मिसाइलें भारतीय सेना की ताकत बनी हुई हैं। बहरहाल, भारत केवल विदेशी हथियारों और मिसाइलों पर निर्भर न रह कर अब जिस प्रकार अत्याधुनिक तकनीकों से लैस सुपरसोनिक और हाइपरसोनिक स्वदेशी हथियारों के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, उससे भारतीय सेना की ताकत दिनोंदिन बढ़ रही है और इसे देखते हुए अब पाकिस्तान तो क्या, चीन जैसे देशों के भी पसीने छूटने लगे हैं।

# छोटा उ से उम्मीद

प्रतिभा कटियार

**दुनिया मेरे आगे**

इसमें आश्चर्य की भला क्या बात है कि 'सारा देश' जश्न मनाता दिखा कि 'मुठभेड़' से न्याय हुआ! क्यों होना चाहिए आश्चर्य कि बाबाओं को बचाने के लिए हिंसक होने तक टूट पड़ने वाली भीड़ उसी पुलिस पर फूल बरसाती है, जिसके पास जाकर रिपोर्ट लिखवाने जाने से डरती हैं स्त्रियां! ऐसी खबरें अक्सर आती रहती हैं कि पुलिस हिरासत में हत्या हुई या बलात्कार हुआ। लेकिन हिरासत में हुए बलात्कारों की संख्या के बारे में जनता नहीं सोचती तो भी अब कोई आश्चर्य नहीं होता। अब तो इस बात पर भी कोई हैरानी नहीं होती कि इस जनता में ज्यादातर पढ़े-लिखे लोग भी शामिल दिखने लगे हैं। सांसद से लेकर लेखक, साहित्यकार, फिल्मकार भी! क्यों होना चाहिए आश्चर्य आखिर? हम अतार्किक लोग हैं। हम भीड़ हैं... हमें भीड़ बनना सिखाया गया है... तालियां बजाना सिखाया गया है। बात मानना और झुंड बन कर किसी के पीछे चलना सिखाया गया है। और यही असल सुख है, यही मानना हमारे भीतर बो दिया गया है। किस बात पर कितना हंसना है, किस बात को किस हद तक सहन करते जाना है सदियों तक, और किसे पीट-पीट कर मार डालना है, यह सब हमारे लिए कोई और तय करता है। हमने कब खुद के लिए खुद की मर्जी से सोचना सीखा? जो बता दिया गया, उसी को अंतिम मानते रहे! हम तो बताई गई मर्जियों पर अपनी मर्जी की मुहर लगा कर ही जीते जा रहे समाज रहे हैं हमेशा से।

क्यों आश्चर्य हो जब आपके तार्किक होने और यह पूछने को गुनाह मान लिया जाए कि 'क्या यह कोई न्यायिक प्रक्रिया है'? शिक्षकों के आंदोलन को दरकिनार किया जाए और विद्यार्थियों की फीसवृद्धि को रद्द करने और शिक्षा को मुफ्त करने की मांग को देशद्रोह ही कह दिया जाए! सवाल पूछना आपका काम नहीं था। सौंप दिया गया काम था ताली बजाना, जयकारा लगाना। सवाल पूछेंगे तो मारे जाएंगे तो इसमें हैरत क्यों हो भला! क्यों हैरानी हो कि हम यह भी न सोचें कि यही पुलिस अपनी ही महिला अधिकारी की रक्षा में अक्सर नाकाम पाई जाती है। पुलिस क्या कोई व्यक्ति है? भीड़ क्या कोई व्यक्ति है? नहीं, दोनों ही सत्ता के खिलौने हैं, जिससे सत्ता अपनी-अपनी तरह से खेलती रहती है।

ऐसा लगता है कि पुलिस और सुरक्षा बलों का महकमा अपने भीतर भी तमाम लड़ाइयां लड़ रहा है। एक सिपाही को छुट्टी नहीं मिलती है और वह किन स्थितियों में पहुंच कर पांच साथियों को मार कर खुद को भी मार लेता है, यह बात क्यों चर्चा का विषय नहीं बनती? महीनों उन्हें घर जाने का मौका नहीं मिलता, हफ्तों छुट्टी नहीं मिलती, सोलह-सोलह घंटे ड्यूटी करनी पड़ती है। यह पूरे महकमे की कुंठा से भरी बातें हैं। ऐसी कुंठा भरी खबरें उनके भीतर भी बेलगाम प्रतिक्रिया की राह प्रशस्त करती हैं। पुलिस अपने नकारेपन को इस तरह ढंकती है और सुर्खियों में हिट हो जाती है। जनता नाचने लगती है कि न्याय हुआ। पर क्या सचमुच न्याय हुआ?

बिल्कुल आश्चर्य नहीं होता कि यही जनता सवाल नहीं करती कि बलात्कार, हत्या और अन्य अपराधों में शामिल लोग संसद में क्यों हैं! हां, याद आया... आखिर जनता ने ही तो उन्हें चुन कर भेजा है! क्यों भेजा होगा जनता ने उन लोगों को संसद में, यह सोचना मना है। हम तमाशबीन समाज हैं, क्योंकि ऐसे ही हम बनाए गए हैं। इसमें आश्चर्य कैसा भला? और जो इस भेड़चाल में शामिल नहीं हुए हैं, जिन्होंने सवाल करने बंद नहीं किए है, जिन्होंने बेहतर समाज का सपना देखना नहीं छोड़ा, जो भीड़ की तेज बहाव के खिलाफ भी अपना हस्तक्षेप दर्ज कर देते हैं, जो इंसाफ और हकों के लिए अब भी लड़ना और आवाज उठाना जानते हैं, उनका अगर मजाक उड़ाया जाए, उन पर मुकदमे दर्ज हों, उन्हें नजरबंद किया जाए, देशद्रोही कहा जाए तो भला क्यों आश्चर्य होना चाहिए! एक जागे हुए दिमाग से ज्यादा खतरनाक भला और क्या होता है? तो उसे घेरने में तो सत्ताएं जुट ही जाएंगी न?

नहीं आश्चर्य होता कि हम सबको, इस पूरे समाज को धर्म, जाति, मंदिर, मस्जिद और कहीं-कहीं सत्ता की चापलूसी से मिलने वाले फायदों, पुरस्कारों आदि की अफीम चटा-चटा कर कठपुतली बना दिया गया है। ये कठपुतलियां भीड़ हैं, साइबर सेल हैं। ये कठपुतलियां विलक्षण लेखक हैं, पत्रकार हैं, फिल्मकार हैं। इनके पास वे 'तर्क' हैं जो इंसानियत की पैरवी नहीं करते, धर्म की करते हैं, जाति की करते हैं। 'तर्क' जो अपराधियों में भी धर्म देखते हैं और पीड़ित में भी!

आश्चर्य तो यह है कि कोई उम्मीद है जो अब तक बुझी नहीं है। आश्चर्य तो यह है कि एक सुंदर समाज का सपना है जो तमाम किरचों में टूट जाने के बावजूद बचा हुआ है। दूर किसी गांव में कोई शिक्षक बच्चों को सुना रहा है प्यार भरी कोई कविता और कोई बच्ची लिख रही है 'छोटा उ से उम्मीद'!

## बेरोजगारी का दंश

बेरोजगारी भारत के लिए सिर दर्द बन गया है और इसके कारण करोड़ों युवाओं को घर बैठने पर मजबूर होना पड़ा है। देश में बेरोजगारी की समस्या कोई नई नहीं है। 'गरीबी हटाओ' का अभियान आज से लगभग पैंतालीस वर्ष पहले इंदिरा गांधी ने प्रारंभ किया था। लेकिन आज इक्कीसवीं सदी के पूर्वार्ध में बेरोजगारी अपनी जड़ बहुत मजबूत कर चुकी है। जिस तरह उसके उन्मूलन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि राहें बेहद मुश्किल हैं। एक युवक के बेरोजगार रहने से न सिर्फ उसके अपने रहन सहन पर असर पड़ता है, बल्कि उस पर आश्रित पूरे परिवार को निम्न स्तर की जिंदगी भी नसीब नहीं हो पाती है।

इसी अक्तूबर में बेरोजगारी की दर 8.5 फीसद हो गई, जो पिछले तीन वर्षों में सबसे ज्यादा है। बेरोजगारी की यह दर अगस्त 2016 के बाद सबसे ज्यादा है। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में बेरोजगारों की फौज इकट्ठा हो रही है। भारत जैसे देश में शिक्षा और रोजगार के अवसरों की कमी, कौशल की कमी, प्रदर्शन संबंधी मुद्दे और बढ़ती आबादी सहित कई कारक इस समस्या को बढ़ाने में अपना योगदान देते हैं। इस कारण से भारत के जीडीपी पर भी असर साफ दिख रहा है।

बेरोजगारी की वजह से गंभीर सामाजिक-आर्थिक समस्याएं खड़ी होती हैं। इससे न केवल एक व्यक्ति, बल्कि पूरा समाज प्रभावित होता है। यह बेवजह नहीं है कि आज बेरोजगारी एक सामाजिक समस्या भी बन गया है। सरकारें जो कदम उठाती हैं, वे प्रभावी नहीं हैं। बल्कि आमतौर पर यह दिखावे के लिए होता है। इसके किए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। नीति निमार्ताओं और नागरिकों को अधिक नौकरियों के निर्माण के साथ ही रोजगार के लिए सही कौशल प्राप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करने चाहिए।

● *अनु मिश्रा, बिठुना, सिवान*

## देश की साख

सदन में नागरिकता संशोधन विधेयक लाया गया। इस पर सदन में काफी तीखी बहस हुई और हंगामा भी हुआ। पर भारत के एक पंजीकृत नागरिक होने के नाते कुछ बातों पर गौर करना चाहिए। इस विधेयक को लाना जितना आसान था, उससे कहीं अधिक मुश्किल इसे पारित कराना और लागू करना है। जो हो, विधेयक कहीं न कहीं हमारे धर्मनिरपेक्षता और संविधान के मूल ढांचों पर एक प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। अगर विवेक के साथ सोचा जाए तो कहीं न कहीं ये देश के दो धर्म विशेष समुदाय के बीच दूरियां बढ़ाने का काम करेगा।

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**




विधेयक के प्रावधानों पर गौर किया जाए तो लगता है कि यह किसी खास धर्म वाले समुदाय को इसके दायरे से बाहर निकालने का प्रयास है। अगर इसे सदन से पास करा कर देश भर में लागू कर दिया जाए तो कहीं न कहीं यह हमारे राष्ट्रनिमार्ताओं की सोच, उद्देश्य, और उनकी कल्पना के भारत का गला घोंटना होगा। हम 1947 में काफी संघर्ष और बलिदानों के बाद एक स्वतंत्र देश बने और तुरंत हमारा विभाजन भी हो गया। हम धर्म की तलवार से दो भागों में बंट गए। अलग देश के सवाल के साथ पाकिस्तान बन गया और शेष भारत में हर धर्म के लोगों को रहने, अपना गुजर-बसर करने की आजादी मिली। ये बातें संविधान के मौलिक अधिकारों में भी कही गई है।

अब सवाल उठता है कि इस विधेयक में ऐसा क्या है जो हमारे मूल ढांचे पर असर डालता है? अगर हम अपने पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को आसरा देकर भारत के नागरिक बना सकते हैं तो फिर पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश ही क्यों? श्रीलंका के तमिल क्यों नहीं? उनके साथ भी तो वहां भेदभाव होता है! इस बात की क्या गारंटी है कि आज जो प्रयास मुसलमानों के साथ हो रहा है, वह भविष्य में किसी और समुदाय के साथ नहीं होगा? अगर इसके दूरगामी परिणामों पर गौर करें तो लगता है कि जब-जब हिंदुओं के समकक्ष कोई समुदाय आकर खड़ा होगा, तब-तब हम नागरिकता संशोधन करके उस समुदाय को बाहर निकाल देंगे।

अगर देश को किसी खास धर्म का देश बनाना है तो फिर संविधान में 'धर्मनिरपेक्षता' शब्द का कोई मतलब नहीं रह जाता है। हम शायद भूल रहे हैं कि अगर आज हम दुनिया से आंख में आंख डाल कर बात कर रहे हैं, वह शक्ति और जज्बा हमें हमारी धर्मनिरपेक्षता से मिली है। यह जिस दिन समाप्त होगी, भारत को दुनिया भर में एक कमजोर देश माना जाएगा। हमें याद रखना चाहिए कि कभी कि एक पंख से उड़ान नहीं भरी जा सकती है।

● *धीरज कुमार, दरभंगा, बिहार*

## गरीबी की जड़ें

गरीबी और भुखमरी एक दूसरे से संबंधित है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गरीबी रेखा के निर्धारण के तरीकों को लेकर हमेशा विवाद रहा है। नतीजतन, योजनाओं को लक्षित वर्ग तक पहुंचने में हमेशा कठिनाई आती रही है। कुपोषण की निरंतरता गरीबी और भुखमरी को और जटिल बना देता है। इसके चलते एक बहुत बड़ी जनसंख्या भुखमरी और गरीबी की जाल में फंसती चली जाती है।

उदारीकरण की नीतियों ने भी गरीबी और भुखमरी को बढ़ाया है। इसके परिणामस्वरूप असमानता के स्तर में अत्यधिक बढ़ोतरी हुई है, जिसने गरीबी और भुखमरी को जन्म दिया है। समस्या यह है कि इसे कैसे नियंत्रित किया जाए और आर्थिक विकास को किस तरह से गति प्रदान कर संसाधनों का वितरण सही तरीके से किया जाए । योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन न हो पाना भी इसकी एक प्रमुख समस्या है। सरकार, प्रशासन और समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, अकर्मव्यता गरीबी और को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका है।

● *विश्वजीत शुक्ला, पलामू, झारखंड*

## हवा की कीमत

हमारे देश में हर दिन एक नई सामाजिक समस्या जुड़ती जा रही है। लेकिन अब प्रकृति भी हमारा साथ छोड़ती नजर आ रही है। वायु प्राणी की प्राथमिकता है। लेकिन हालत यह है कि वायु की स्थिति बिगड़ती जा रही है और इसका हल किसी के पास नहीं है।

इस बात की परेशानी हर किसी को खाए जा रही है कि इसमें सुधार कैसे लाया जाए। सरकार ने भी अपनी तरफ से तमाम कोशिशें की हैं। काफी हद तक बेहतर परिणाम के आसार भी दिख रहे थे, मगर यह पूर्ण रूप से तभी खत्म होगा जब हर व्यक्ति अपना योगदान प्रदूषित वायु को कम करने में दे। लोगों के मन में खौफ तो उस दिन का है, जब शुद्ध हवा भी खरीदनी पड़ जाएगी। उस पल न जाने क्या होगा देश के उन लोगों का जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। यह एक ऐसी समस्या है, जिसने सबको परेशान कर दिया है।

● *निशा कश्यप, हरी नगर आश्रम, नई दिल्ली*

www.readwhere.com



## अंगदान में दिल्ली सबसे आगे

देश में मुख्यत: सबसे ज्यादा गुर्दे की मांग है। इसके अलावा फेफड़े, कार्निया, हृदय, त्वचा और अन्य अंगों की भी भारी जरूरत है। नोटो के आंकड़ों के मुताबिक अंगदान के मामलों में दिल्ली नंबर वन पर है जबकि तमिलनाडु और महाराष्ट्र दूसरे और तीसरे पायदान पर है। तमिलनाडु में 2018 में 1936 लोगों ने अंगदान किया जबकि 2016 में यह संख्या 1611 थी और 2017 में बढ़कर 1855 हो गई थी। महाराष्ट्र में लगभग 1000 लोग सालाना अंगदान कर रहे हैं।

# बांग्लादेश से हिल्सा मछली आई, बाजारों में रौनक छाई

**शंकर जालान**
कोलकाता।

बंगाल

बंगाल वाले बगैर मछली के भोजन कर केवल पेट भरते हैं मन नहीं। भोजन में मछली हो तभी बंगाल के लोगों का पेट तृप्त और मन संतुष्ट होता है। मछली में भी अगर हिल्सा आ जाए तो कहने ही क्या? बीते कुछ महीनों से हिल्सा की आवक कम और कीमत ज्यादा होने के कारण यह खास किस्म की मछली आम बांग्लाभाषियों की थाली से नदारद थी, लेकिन अब पड़ोसी देश बांग्लादेश से आई हिल्सा ने मछली बाजारों में न केवल रौनक व चहल-पहल बढ़ा दी है, बल्कि लोगों के चेहरों पर खुशियां भी ला दी है।

बांग्लादेशी हिल्सा के महानगर के बाजारों में आने से मछली खाने वाले काफी खुश हैं। मछली विक्रेताओं के मुताबिक इस बार आषाढ़ व सावन महीने में कम वर्षा होने और हिल्सा के अत्याधिक महंगी होने के कारण सूबे के लोग अपनी मन पसंदीदा मछली खाने से वंचित रह गए थे। लेकिन नए साल से ठीक पहले बांग्लादेशी हिल्सा आने से हावड़ा, हाथी बागान, श्याम बाजार, नूतन बाजार, शोभा बाजार, मानिकतला, भवानीपुर, टॉलीगंज समेत दूसरे मछली बाजारों में रौनक छा गई है। मछली के आयातकर्ता बताते हैं कि आगामी एक-डेढ़ महीने तक बांग्लादेश से पांच सौ टन हिल्सा मछली के भारत आने की संभावना है, बांग्लादेश की सरकार ने इसकी मंजूरी दी है।

महानगर के मछली बाजारों की बात करें तो नवंबर के मध्य तक 12 से 14 सौ रुपए प्रति किलो के हिसाब से बिकने वाली हिल्सा दिसंबर के शुरुआती दिनों में 8 से 9 सौ रुपए किलो बिक रही है। जानकार बताते हैं कि वर्ष 2002-03 में हुगली में 62,600 टन हिल्सा पकड़ी गई थी, जबकि 2017-18 में यह मात्रा घटकर 27,539 टन रह गई। वहीं, इसी समयावधि में बांग्लादेश में हिल्सा की पैदावार बढ़कर 1,99,032 से 5,17,000 टन हो गई।

जानकार यह भी कहते हैं कि हिल्सा 30 से 40 फीट से कम गहरे पानी में प्रवेश नहीं करती हैं, लेकिन हुगली में फरक्का बैराज के आसपास ड्रेजिंग की कमी के कारण कम होती गहराई की वजह से छोटी मछलियां बांग्लादेश की तरह निकल जा रही है, जिस वजह से हुगली में हिल्सा की पैदावार कम हो गई है।

केंद्रीय अंतरदेशीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान के मुताबिक उत्तरी बंगाल की खाड़ी में एकत्रित हिल्सा स्पॉनिंग सीजन में धारा के प्रतिकूल दिशा में अपनी यात्रा के लिए तीन मार्ग अपनाती हैं। पहला हुगली नदी, दूसरा बांग्लादेश में मेघना नदी और तीसरा म्यांमार में इरावती नदी। हालांकि हुगली में अत्यधिक कचरा और फिशिंग पर प्रतिबंध नहीं होने के कारण हिल्सा ने अपना माइग्रेशन रूट बदल लिया है और मेघना नदी में विस्थापन शुरू कर दिया है, जिस कारण बांग्लादेश में हिल्सा बढ़ गई है।

इस बीच, मछुआरों ने बताया कि यहां ओवरफिशिंग की अधिक समस्या है। कुछ साल पहले तक यहां तीन हजार नाव होती थीं। लेकिन अब छह हजार फिशिंग नावों का संचालन हो रहा है। स्मॉल स्केल फिश वर्कर्स के मुताबिक दो किलोमीटर लंबे सैकड़ों जाल नदी में बिछे हुए हैं। ऐसे में मछलियां यहां कैसे प्रवेश कर पाएंगी। खुद को जीवित रखने के लिए हिल्सा मेघना नदी की ओर विस्थापित हो रही हैं, जहां नदी की गहराई 50 से 60 फीट है।

वहीं, जादवपुर विश्वविद्यालय के समुद्र विज्ञान अध्ययन संस्थान का कहना है कि पहले हिल्सा प्रयागराज तक यात्रा करती थीं, लेकिन अब ये फरक्का बैराज भी पार नहीं कर पाती हैं। कम होती नदियों की गहराई पर गंभीरता से सोचने और कारगर उपाय करने की जरूरत है।



*देश* में हिल्सा मछली कम होने से कीमतों में इजाफा हुआ था, जिस वजह से मध्यम वर्ग के लोग हिल्सा के स्वाद से वंचित थे। लेकिन बांग्लादेश से हिल्सा आने से इसकी कीमतों में कमी आई है जिसके कारण अब हर बंगाल वाले की थाली में हिल्सा है।
*-प्रदीप सेनापति, मछली विक्रेता*

# पुलिस सिखाएगी बेटियों को आत्मरक्षा का गुर

**सुनील दत्त पांडेय**
देहरादून।

उत्तराखंड

देश में बेटियों पर बढ़ते हिंसा, अत्याचार और बलात्कार की घटनाओं को देखते हुए उत्तराखंड पुलिस ने बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने का व्यापक अभियान चलाया है। इसके तहत प्रदेश के हर स्कूल- कॉलेज में पुलिस बेटियों को आत्मरक्षा के गुरु सिखाने जा रही है। इसके लिए पुलिस महकमे ने प्रदेश के हर जिले में महिला आत्मरक्षा सेल बनाने का फैसला किया है।

हैदराबाद और उन्नाव में लड़कियों के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म और जिंदा जलाने की घटनाओं के बाद जहां देश में महिला सुरक्षा को लेकर तमाम बातें उठ रही है, वहीं उत्तराखंड पुलिस ने सूबे में लड़कियों की रक्षा के लिए एक सकारात्मक पहल की शुरुआत की है। इसके तहत उत्तराखंड के विभिन्न थानों में महिला सुरक्षा के लिए सेल बनाए गए हैं। इस सेल में एक महिला पुलिस सब इंस्पेक्टर और चार महिला कॉस्टेबल की तैनात रहेंगी।

हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है जब प्रदेश की पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। इसके लिए उत्तराखंड पुलिस महिला पुलिसकर्मियों को समय-समय पर महिला सुरक्षा के लिए विशेष प्रशिक्षण भी देती रहती है। अब इस प्रशिक्षण को और अधिक व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए राज्यभर में पुलिस की गस्त बढ़ा दी गई है। यही नहीं थानों में महिलाओं से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निपटारा करने के लिए भी पुलिस को विशेष दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं।

इसके अलावा उत्तराखंड पुलिस ने एक और नई पहल की है। इसके तहत रात में कार्यालय की ड्यूटी से लौट रही महिलाओं को पुलिस अपने वाहन से सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाने का भी काम करेगी। यही नहीं देर शाम को खरीदारी को निकली महिलाएं भी यदि अपने घर पुलिस की सहायता से सुरक्षित लौटना चाहेंगी तो पुलिस उनकी भी मदद करेगी। इसके लिए महिला को 100 नंबर पर डायल करना पड़ेगा और पुलिस उन्हें सुरक्षित घर छोड़कर आ जाएगी। वहीं, उत्तराखंड पुलिस ने प्रदेश के हर जिले में महिला सुरक्षा सेमिनार कराने का फैसला किया है। उत्तराखंड पुलिस में महिलाओं की तादात भी बढ़ाई जाएगी।

उत्तराखंड पुलिस अपने स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हर संभव कदम उठा रही है। साथ ही बेटियों को खुद भी आत्मरक्षा के लिए पारंगत करने के लिए पुलिस निर्भया फंड से प्रशिक्षकों की सहायता से आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी देगी। स्कूल-कॉलेज, कोचिंग सेंटरों में अध्ययनरत छात्राओं तथा विभिन्न औद्योगिक इकाइयों और संस्थानों में कार्यरत महिलाकर्मियों को भी आत्म सुरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे।

जहां उत्तराखंड पुलिस ने छात्राओं और महिलाकर्मियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने की पहल की है वहीं जूडो, कराते और वुशु मार्शल आर्ट से जुड़ी कई प्रशिक्षण अकादमियां उत्तराखंड में अपने-अपने स्तर पर स्कूल-कॉलेज की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण कई सालों से दे रही है। राज्य के शहरी और ग्रामीण इलाकों में स्थित स्कूल-कॉलेजों में ये अकादमियां छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए अब और अधिक प्रशिक्षण शिविर लगा रही हैं।





*मेरी संस्था* 2009 से राज्य के विभिन्न स्कूल-कॉलजों में छात्राओं को वुशु मार्शल आर्ट खेल का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ आत्मरक्षा के गुर भी सिखाती है। इसके अलावा हम छात्राओं को पुलिस की सहायता से यातायात के नियमों के पालन करने का भी प्रशिक्षण दते हैं। गांवों और शहरों में स्थित स्कूल-कॉलजों में समान रुप से यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
*-आरती सैनी, उत्तराखंड वुशु एसोसिएशन की प्रदेश सचिव राष्ट्रीय कोच*



*उत्तराखंड* के उच्च शिक्षा निदेशालय ने राज्य के सभी महाविद्यालय के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वह स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से छात्राओं के लिए उनकी आत्मरक्षा संबंधित गुर सिखाने के लिए कार्यशाला का आयोजन करें। इस संबंध में पूरे राज्य में हर महाविद्यालय में कार्यशालाएं आयोजित करने की तैयारियां की जा रही हैं, जिसके अच्छे परिणाम जल्दी ही देखने को मिलेंगे।
*-डॉ सुनील कुमार बत्रा, एसएमजेएन पीजी कॉलेज हरिद्वार के प्राचार्य*



*उत्तराखंड* पुलिस महिला सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हर थाने में महिला सुरक्षा सेल बनाए गए हैं। लड़कियों को आत्मरक्षा का विशेष प्रशिक्षण देने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में महिला सुरक्षा संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। राज्य में महिलाओं की सुरक्षा के लिए अन्य प्रभावी कदम भी उठाए जा रहे हैं।
*-अशोक कुमार, उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था)*

# जरूरतमंदों के लिए अनोखा मिशन

**अशोक बंसल**
मथुरा।

उत्तर प्रदेश

गांधीवादी लेखिका सुजाता चौधरी ने वृंदावन में बंगाली विधवाओं की सेवा का व्रत लिया है। 'नेताजी', 'राष्ट्रपिता और भगत सिंह', 'महात्मा का आध्यात्म', 'बापू और स्त्री', 'चम्पारण का सत्याग्रह', 'सत्य के दस्तावेज' जैसी तमाम पुस्तकों की लेखिका सुजाता ने कई उपन्यास और कहानियां भी लिखी हैं। गांधी के रास्ते पर चल पड़ी सुजाता ने वृंदावन में 'बा-बापू पाठशाला' भी खोलने का मन बनाया है। सुजाता भागलपुर की हैं। उन्होंने गांधी को अपने अध्ययन और लेखन से जाना ही नहीं है बल्कि गांधी को अपने जीवन में उतारने की शपथ भी ली है।

सुजाता की पुस्तक 'सौ साल पहले ..चम्पारण का गांधी' चम्पारण के राजकुमार के जीवन और संघर्ष की अद्भुत कहानी है। 100 साल पहले यही व्यक्ति गांधीजी को चम्पारण ले कर आया था। 238 पन्ने की पुस्तक ने सुजाता को एक अलग पहचान दिलाई है। वे 20 साल में 20 पुस्तकों का लेखन कर चुकी है।

सुजाता वृंदावन में विधवाओं के दु:ख को साझा करने के लिए वह 1200 किलोमीटर की दूरी तय करती है। वृंदावन में टटिया आश्रम के पास सुजाता का दो मंजिला मकान है। भागलपुर में पिता द्वारा दी गई जमीन को बेचकर वृंदावन में मकान बनाने का मकसद स्वयं का शांति और कृष्ण भक्ति में लीन होना नहीं था बल्कि कृष्ण भक्ति में लीन बेसहारा विधवाओं को सुख सुविधा देना था। सुजाता पूरे देश में घूम-घूम कर गांधी बाबा के संदेश को सेमिनार और गोष्ठियों में अपनी तकरीर से दे रही है।

समय मिलता है तो वृंदावन आती हैं और कुछ दिन अपने मकान में रह रहीं 12 महिलाओं के साथ पूजा पाठ बातचीत और खाने-पीने में बिताती हैं ताकि निराश्रित विधवाओं को एक परिवार जैसे माहौल का अहसास हो।



सुजाता चौधरी

'आपको इस सेवा पर खूब खर्च करना पड़ता होगा', सुजाता ने मेरे मन में चल रहे मंथन को भांप लिया और मुस्कुराते हुए बोली 'गांधी जी ने कहा था हम सम्पन्न लोगों को अपनी आमंदनी का 80 फीसद सामाजिक कार्यों पर खर्च करना चाहिए। मैं तो 30 फीसद ही कर पाती हूं।'

सुजाता के नाना और पिता ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया था, वे संपन्न लोग थे। सो सुजाता को विरासत में देशप्रेम भी मिला और संपन्नता भी। सुजाता भागलपुर में प्रोफेसर रहीं, वकालत भी की। लेकिन धनोपार्जन के इन ठिकानों से अलग हो देश और समाज के लिए काम करने का बीड़ा उठाया। वह भागलपुर के एक गांव में एक चेरिटेबिल शिक्षा केंद्र का संचालन करती हैं।

सुजाता की कई योजनाओं में एक और महत्त्वपूर्ण योजना है। इस बारे में वे कहती हैं कि आजादी की जंग में ऐसा कोई शहर नहीं था जहां फिरंगियों के खिलाफ गांधी और क्रांतिकारियों की लड़ाई के स्वर न गूंजे हो। लड़ाई के इन अनेक अलिखित सच्चे किस्सों और कहानियों को लेखकों की तलाश है। सुजाता का कहना है कि यह काम वृंदावन से शुरू होगा।

# कई रूमानी कहानियां समेटे शिमला का स्कैंडल पाइंट

**ओमप्रकाश ठाकुर**
शिमला

हिमाचल

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में ऐतिहासिक रिज पर स्थित गिरजाघर और ठंडी सड़क के नाम से मशहूर मालरोड का मिलन स्थल स्कैंडल पाइंट ब्रिटिश राज से ही दिलों के संगम के लिए जाना जाता है। आज भी यहां पर हर मौसम में रोजाना मिलने वालों का मेला लगा रहता है। लेकिन दुनिया भर में स्कैंडल पाइंट के नाम के पीछे जो कहानी बनी, उसने स्कैंडल पाइंट को अनचाहे ही दुनिया भर से आने वाले सैलानियों की जुबान पर ला दिया। वे शिमला के बेशक दूसरे महत्त्वपूर्ण स्थलों के नाम भूल जाते हों, लेकिन स्कैंडल प्वाइंट का नाम ताउम्र उनके जेहन में बस जाता है। हालांकि यह कहानी सच्ची लगती नहीं है।

स्कैंडल पाइंट नाम कैसे पड़ा यह असल में आज तक सही-सही किसी को नहीं पता है। लेकिन जो कहानी गढ़ी गई बेशक वह इतिहास की तारीखों से मेल नहीं खाती हैं लेकिन यहां के बाशिंदों और यहां आने वाले सैलानियों की जुबान पर जरूर चढ़ गई है।

कहा जाता है कि ब्रिटिश भारत के लार्ड किचनर वायसराय बनने के बाद अपने परिवार के साथ शिमला आए। यहां पर उनकी बेटी को महाराजा पटियाला भूपेंद्र सिंह से इश्क हो गया। फिर क्या था एक दिन महाराजा पटियाला ने अपनी माशूका को स्कैंडल पाइंट से साथ लिया और वहां से कॉफी हाउस चले गए। कॉफी



हाउस से नीचे लोआर बाजार जाने के लिए अंदर से सीढ़ियां हैं। महाराजा ने इन्हीं का सहारा लेना चाहा, लेकिन पीछे से ब्रिटिश राज के सिपाही लगे थे सो वे किचनर की बेटी को खिड़की से निकालकर लोअर बाजार में पहले से खड़े किए गए अपने घोड़े से ब्रिटिश राज की सीमा से बाहर पटियाला रियासत की सीमा में चले गए। इस घटना से फिरंगी सरकार गुस्से में आ गई और उसने महाराजा पटियाला के शिमला आने पर पाबंदी लगा दी। इस पर महाराजा पटियाला भी गुस्से में आ गए और उन्होंने 1891 में चायल में अपनी राजधानी बसा दी।

दुनिया भर से यहां सैरसपाटे के लिए आने वाले सभी सैलानियों को बरसों से इसी कहानी को बेचा जा रहा है। लेकिन इतिहास की तारीखें इस कहानी से मेल नहीं खाती है। कारण कि जब की यह कहानी बताई जाती है उस समय महाराजा पटियाला की उम्र बहुत कम होगी।

# कहानी अंगदान से नई जिंदगी पाने वालों की

**प्रतिभा शुक्ल**
नई दिल्ली।

दिल्ली

चन्द्रप्रकाश के छोटे भाई सूर्य प्रकाश (उम्र 24) का कम उम्र में ही अस्पतालों का चक्कर लगाते-लगाते दम फूलने लगा था, बीमारी थी की पकड़ में आ ही नहीं रही थी। फिर मालूम चला कि सूर्य प्रकाश को दिल की बीमारी है जिससे हृदय महज 20 फीसद ही काम कर रहा है। हृदय का मिलना व इलाज का खर्च (90 लाख) दोनों की बूते के बाहर की बात थी। लगा भाई अब नहीं बचेगा। ऐसे में एक दिन अचानक किसी का हृदय मिलना व मुफ्त में इलाज किसी ईश्वरीय चमत्कार से कम नहीं था।

यह अकेला परिवार नहीं जो किसी अनजाने व्यक्ति के सर्वोच्च दान (अंगदान) का ऋणी हो गया। इसी तरह का एक अन्य परिवार राहुल के इलाज के लिए भटक रहा था। एम्स के आर्गन रिट्रिवल बैंकिंग ऑर्गेनाइजेशन में पंजीकृत कराके हार्ट के लिए इंतजार करने के सिवा कोई चारा न था। राहुल ने बताया कि मुझे भी किसी अंजान शख्स के हृदय की धड़कनें जिंदा रखे हैं। मैं खुशनसीब हूं कि मुझे अंगदान से नई जिदंगी मिली है।

### अंगदान दाताओं के अनुभव

ब्रेन डेड अनमोल के पिता ने बताया कि वह जिंदगी में मॉडल बनना चाहता था लेकिन उनका अंगदान देकर वे रोल मॉडल बन गए। सुरभी जिंदल की मां ने बताया कि 16 साल की उम्र में बेटी का ब्रेन डेड हो गया लेकिन हमारी लाख कोशिशें भी उसे बचा न सकीं। पर हमने उसके अंगों को मिट्टी में मिलने नहीं दिया। सुकून मिलता है कि यह सोचकर कि हमारी बेटी किसी और के शरीर में अभी भी जिंदा है। इसी तरह मीना देवी ने अपने पति दीपक के अंगों को दान किया। बबलू के भाई ने उसका अंग दान किया। रवि प्रकाश चड्ढा की पत्नी ने अपने पति के अंगों का दान किया।



*सड़क* हादसों में सिर में चोट के मामलों में एक स्थिति आती है जब हमें तय करना होता है कि अब उक्त घायल को बचाने के सारे प्रयास किए जा चुके और कुछ नहीं हो सकता ऐसे पल में मरीज की समीक्षा करके मेडिकल बोर्ड उसे ब्रेन डेड घोषित करता है। परिजन चाहें तो ऐसे मरीजों के अंगों का इस्तेमाल किया जा सकता है और उनके अंगों से दूसरों के शरीर में अपने परिजनों को नया जीवन दे सकते हैं।
*-डॉ. गिरिजा, एम्स*

*अंगदान* को बढ़ावा देने के लिए सरकार वचनबद्ध है। देश में सड़क हादसों में जितने ब्रेन डेड मौतें होती है अगर उनका 10 फीसद भी परिजन सहयोग करें तो काफी जिंदगियों को बचाया जा सकता है। जागरूकता के जरिए हम यह फीसद बढ़ाने की कोशिश में हैं।
*-डॉ. हर्षवर्धन, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री*

*हम* नियमित रूप से देश के अन्य अस्पताल के डॉक्टरों को भी यह प्रशिक्षण देते हैं कि वहां होने वाली ऐसी मौतों में परिजनों की काउंसलिंग करके उनको अंगदान के लिए प्रेरित करें।
*-डॉ. एमवी पद्मा, एम्स न्यूरोलोजी विभाग*

### देश में अंगदान की काफी जरूरत

तीन साल में देश में अंगदान के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। लेकिन अभी भी देश के 28 राज्यों और 9 केंद्रशासित प्रदेश में से 22 में ही अंगदान शुरू हो पाया है। अंगदान के मामलों में देश की राजधानी दिल्ली बेहतर स्थिति में है वहीं जनसंख्या के लिहाज से उत्तर प्रदेश और बिहार अभी भी पीछे हैं। तीन साल में बिहार में 44 और उत्तर प्रदेश में महज 26 लोगों के ही अंगदान किए गए।

स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 2016 में देश में 9046 अंगदान हुए थे जो 2018 में बढ़कर 10387 हो गए हैं। दिल्ली अंगदान के मामले में सबसे आगे है। दिल्ली में 2018 में सबसे ज्यादा 2066 अंग दान किए गए।

यह संख्या 2016 में 1947 और 2017 में 1989 थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन चलने वाले अंग व उत्तक प्रत्यारोपण संगठन (नोटो) राष्ट्रीय स्तर पर अंगदान को बढ़ावा देने और इससे जुड़ी कानूनी और गैर कानूनी गतिविधियों पर निगाह रखता है।


www.readwhere.com

# वैज्ञानिकों, विद्वानों और कलाकारों ने नागरिकता विधेयक का किया विरोध

नई दिल्ली, 10 दिसंबर (भाषा)।

- वैज्ञानिकों और विद्वानों ने विधेयक के खिलाफ एक याचिका पर हस्ताक्षर किए हैं।
- याचिका में कहा गया है कि चिंताशील नागरिकों के नाते हम अपने स्तर पर वक्तव्य जारी कर रहे हैं ताकि नागरिकता संशोधन विधेयक, 2019 को सदन पटल पर रखे जाने की खबरों के प्रति अपनी निराशा जाहिर कर सकें।
- याचिका पर हस्ताक्षर सोमवार को विधेयक लोकसभा में रखे जाने से पहले किए गए थे।

लोकसभा में पारित नागरिकता संशोधन विधेयक के वर्तमान स्वरूप को वापस लेने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में वैज्ञानिकों और विद्वानों ने एक याचिका पर हस्ताक्षर किए हैं। याचिका में कहा गया है, 'चिंताशील नागरिकों के नाते हम अपने स्तर पर वक्तव्य जारी कर रहे हैं ताकि नागरिकता संशोधन विधेयक, 2019 को सदन पटल पर रखे जाने की खबरों के प्रति अपनी निराशा जाहिर कर सकें।' कई कलाकारों, लेखकों, शिक्षाविदों, पूर्व न्यायाधीशों और पूर्व नौकरशाहों ने भी सरकार से विधेयक वापस लेने की अपील करते हुए इसे भेदभावपूर्ण, विभाजनकारी और संविधान में निहित धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों के खिलाफ बताया है। इनमें इतिहासकार रोमिला थापर, लेखक अमिताव घोष, अभिनेत्री नंदिता दास, फिल्मकार अपर्णा सेन और आनंद पटवर्धन, सामाजिक कार्यकर्ताओं योगेंद्र यादव, तीस्ता सीतलवाड, हर्ष मंदर, अरुणा राय और बेजवाड विल्सन, दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एपी शाह और देश के पहले सीआईसी वजाहत हबीबुल्ला आदि शामिल हैं।

वैज्ञानिकों और विद्वानों की याचिका में कहा गया, 'विधेयक के वर्तमान स्वरूप में वास्तव में क्या है यह तो हमें पता नहीं है। इसलिए हमारा वक्तव्य मीडिया में आई खबरों और लोकसभा में जनवरी 2019 में पारित विधेयक के पूर्व स्वरूप पर आधारित है।' याचिका पर हस्ताक्षर करने वाले लोगों में हार्वर्ड विश्वविद्यालय, मैसाचुसेट्स विश्वविद्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान समेत कई प्रतिष्ठित संस्थानों से जुड़े विद्वान शामिल हैं। नागरिक अधिकार कार्यकर्ता हर्ष मंदर ने कहा कि अगर ये विधेयक पारित हुआ तो वे सविनय अवज्ञा करेंगे। मंदर ने ट्वीट किया, 'मैं आधिकारिक रूप से एक मस्लिम के रूप में पंजीकरण करूंगा। इसके बाद मैं एनआरसी को कोई भी दस्तावेज देने से इनकार कर दूंगा। फिर मैं बिना दस्तावेज वाले मुस्लिम की तरह ही सजा की मांग करूंगा... हिरासत केंद्र और नागरिकता वापस ले लेना। इस सविनय अवज्ञा में शामिल होइए।'

शिक्षाविद प्रताप भानु मेहता ने कहा कि नागरिकता विधेयक भारत को एक नस्लवादी तंत्र में बदल देगा। इतिहासकार रामचंद्र गुहा ने गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना की और उन पर आरोप लगाया कि उन्हें मोहम्मद अली जिन्ना के दो राष्ट्र के सिद्धांत से कोई ऐतराज नहीं।

# नागरिकता विधेयक के खिलाफ राहुल-प्रियंका ने खोला मोर्चा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 दिसंबर।

- यह विधेयक संविधान पर हमला है : राहुल
- संविधान को नष्ट करने के एजंडे के खिलाफ लड़ेंगे : प्रियंका

लोकसभा में नागरिकता संशोधन विधेयक के पारित होने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को इसे लेकर सरकार की तीखी आलोचना की।

राहुल गांधी ने नागरिकता संशोधन विधेयक को संविधान पर हमला करार देते हुए कहा कि इसका समर्थन करना भारत की बुनियाद को नष्ट करने का प्रयास होगा। उन्होंने अपने एक ट्वीट में कहा-नागरिकता संशोधन विधेयक संविधान पर हमला है। जो कोई भी इसका समर्थन करता है वो हमारे देश की बुनियाद पर हमला और इसे नष्ट करने का प्रयास कर रहा है।

दूसरी ओर, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने इस विधेयक पर कट्टरता का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सरकार के संविधान को नष्ट करने के इस सुनियोजित एजंडे के खिलाफ लड़ेगी। प्रियंका ने ट्वीट कर कहा कि बीती रात लोकसभा में नागरिकता संशोधन विधेयक पारित होने के साथ देश में कट्टरता एवं संकुचित विचारों वाले अलगाव के प्रयासों की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा-हमारे पूर्वजों ने हमारी स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण दिये। उस स्वतत्रंता में समता का अधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार निहित है।

कांग्रेस महासचिव ने कहा-हम सरकार के उस एजंडे के खिलाफ लड़ेंगे, जो हमारे संविधान को सुनियोजित ढंग से खत्म कर रहा है तथा उस बुनियाद को खोखला कर रहा है जिस पर हमारे देश की नींव पड़ी। लोकसभा ने सोमवार रात नागरिकता संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी जिसमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक प्रताड़ना के कारण भारत आए हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों को भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने का पात्र बनाने का प्रावधान है।

# सुरक्षा मामलों में सहमति के बिना जानकारी पाने की होगी छूट

पेज 1 का बाकी

रोकना, विलय व अधिग्रहण, नेटवर्क व सूचना की सुरक्षा, क्रेडिट स्कोर, कर्ज की वसूली, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध व्यक्तिगत आंकड़ों के प्रसंस्करण और सर्च इंजन का संचालन शामिल है।

इस कानून में बच्चों के व्यक्तिगत व संवेदनशील आंकड़ों के प्रसंस्करण को लेकर नियमों को कड़ा किया गया है जबकि महत्त्वपूर्ण निजी डेटा या आंकड़ों को भारत में रखे जाने को अनिवार्य बनाया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले हफ्ते इस विधेयक को मंजूरी दी है। दिलचस्प है कि यह मसौदा सरकार को इस बात का अधिकार देता है कि वह किसी भी सरकारी एजंसी को प्रस्तावित कानून के प्रावधानों के दायरे से छूट दे सकता है।

मसौदे में कहा गया है कि केंद्र सरकार गैर व्यक्तिगत डेटा के मामले में डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए नीति भी तैयार कर सकती है। इसमें निजी आंकड़ों की सुरक्षा के लिए एक प्राधिकरण स्थापित करने और प्रावधानों का उल्लंघन होने पर कठोर दंड निर्धारित करने की भी बात कही गई है।

# कुलदीप सेंगर के खिलाफ मामले में 16 को फैसला

पेज 1 का बाकी

तीस हजारी में चल रहा है। फैसला अगले हफ्ते 16 दिसंबर को आएगा। जिला न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने कहा कि वे मामले में अपना फैसला 16 दिसंबर को सुनाएंगे।

सीबीआइ ने मामले में अपनी दलीलें सोमवार को पूरी कर लीं थीं। बचाव पक्ष के गवाहों का बयान बंद कमरे में रिकॉर्ड करने की प्रक्रिया दो दिसंबर को पूरी कर ली गई थी। सेंगर पर आरोप है कि उसने 2017 में महिला का अपहरण कर लिया और उससे बलात्कार किया। उस समय वह नाबालिग थी। अदालत ने मामले में सह आरोपी शशि सिंह के खिलाफ भी आरोप तय कर दिए हैं। सेंगर पर आरोप लगाने वाली महिला की कार को जुलाई में एक ट्रक ने टक्कर मार दी थी, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। दुर्घटना में महिला की दो रिश्तेदार मारी गईं और उसके परिवार ने इसमें षड्यंत्र होने के आरोप लगाए थे।

कानूनविदों की माने तो इस मामले में अगर कुलदीप सिंह सेंगर पर दोष सिद्ध होता है तो उन्हें उम्र कैद की सजा सुनाई जा सकती है। शशि सिंह पर आरोप है कि वे पीड़िता को विधायक कुलदीप सेंगर के पास लेकर गई थीं, जहां कथित तौर पर कुलदीप सेंगर ने पीड़िता के साथ बलात्कार किया। इस समय कुलदीप सिंह सेंगर तिहाड़ जेल में बंद हैं। इस मामले में कुलदीप सिंह सेंगर पर आपराधिक षड्यंत्र, अपहरण एवं महिला पर विवाह के लिए दबाव बनाना, बलात्कार और पॉक्सो कानून के तहत आरोप तय किए गए थे।

# 'कैब' से अमेरिका को तकलीफ, पाक को मिर्ची

पेज 1 का बाकी

आरोपों को खारिज किया।

नागरिकता संशोधन विधेयक (कैब) पर अमेरिकी संघीय आयोग की आलोचनात्मक टिप्पणी को सही नहीं बताते हुए भारत ने मंगलवार को कहा कि यह अफसोसजनक है कि अमेरिकी संस्था ने उस विषय पर अपने पूर्वाग्रह से निर्देशित होने का रास्ता चुना जिस पर उसका कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। यूएससीआइआरएफ के बयान को खारिज करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि आयोग द्वारा अपनाया गया रुख उसके पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए चौंकाने वाला नहीं है।

उन्होंने कहा, 'हालांकि, यह खेदपूर्ण है कि उस मामले में संस्था ने अपने पूर्वाग्रह और पक्षपातपूर्ण रवैए से निर्देशित होना चुना जिस पर उसका ज्ञान बेहद सीमित है और जिस पर उसका कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।' करीब एक दशक पहले यूएससीआइआरएफ ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को भी वीजा नहीं दिए जाने का समर्थन किया था। यूएससीआइआरएफ ने बयान में कहा, 'कैब गलत दिशा में बढ़ाया गया एक खतरनाक कदम है। यह भारत के धर्मनिरपेक्ष बहुलवाद के समृद्ध इतिहास और भारतीय संविधान के विरोधाभासी है जो धार्मिक भेदभाव से ऊपर उठकर विधि के समक्ष समानता की गारंटी देता है।' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका सहित हर देश को अपने नागरिकों को वैध मान्यता देने और विभिन्न नीतियों के जरिए इसे लागू करने का अधिकार है।

कुमार ने कहा कि विधेयक पर यूएससीआइआरएफ का बयान न तो सही है, न ही वांछित। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कानून से उनकी मौजूदा दिक्कतें और उनके बुनियादी मानवाधिकार का समाधान होगा और इस पहल की उन लोगों द्वारा आलोचना नहीं की जानी चाहिए जो धार्मिक स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध हैं।

यूएससीआइआरएफ ने सोमवार को एक बयान में कहा कि नागरिकता संशोधन विधेयक (कैब) खासकर मुसलमानों को छोड़कर प्रवासियों के लिए नागरिकता का रास्ता तैयार करता है। इस तरह धर्म के आधार पर नागरिकता का कानूनी मापदंड बनाया गया है।

यूएससीआइआरएफ अमेरिकी सरकार का एक स्वतंत्र, द्विदलीय आयोग है जिसकी स्थापना 1998 में की गई थी। यह दुनिया भर में धार्मिक आजादी के उल्लंघनों की समीक्षा करता है और (अमेरिकी) राष्ट्रपति, विदेश मंत्री और कांग्रेस (अमेरिकी संसद) को नीतियां बनाने की सिफारिश करता है। इसके बयान में कहा गया, 'अगर कैब दोनों सदनों में पारित हो जाता है तो अमेरिकी सरकार को गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य नेतृत्व के खिलाफ प्रतिबंध लगाने पर विचार करना चाहिए।'

उधर पाकिस्तान ने भारत के नागरिकता संशोधन विधेयक को 'प्रतिगामी व पक्षपातपूर्ण' बताया और इसे नई दिल्ली का पड़ोसी देशों के मामलों में 'दखल' का 'दुर्भावनापूर्ण इरादा' बताया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने विधेयक की कड़ी निंदा की है।

खान ने ट्वीट किया कि नागरिकता विधेयक 'अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के सभी नियमों और पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन करता है।' उन्होंने कहा कि यह आरएसएस की हिंदू राष्ट्र की विस्तारवादी योजना का हिस्सा है। इससे पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने मध्य रात्रि के बाद बयान जारी किया। उसमें कहा कि 'हम इस विधेयक की निंदा करते हैं। यह प्रतिगामी और भेदभावपूर्ण है और सभी संबद्ध अंतरराष्ट्रीय संधियों और मानदंडों का उल्लंघन करता है। यह पड़ोसी देशों में दखल का भारत का दुर्भावनापूर्ण प्रयास है।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने इन आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि इस विधेयक में भारत में पहले से ही रह रहे कुछ विशिष्ट देशों के धार्मिक रूप से प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को शीघ्र नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान है।

# जद (एकी) में दरार

पेज 1 का बाकी

राष्ट्रीय महासचिव पवन के वर्मा ने खुले तौर पर लोकसभा में विधेयक के पक्ष में जद (एकी) के मतदान पर निराशा व्यक्त करते हुए नीतीश से इसपर दोबारा विचार करने को कहा है। इस बीच भाजपा ने कैब पर समर्थन के लिए अपने गठबंधन साथी जद (एकी) का आभार व्यक्त किया है। अतीत में जद (एकी) ने तीन तालक और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन विधेयक जैसे प्रमुख विधानों का विरोध किया था।

वर्मा ने ट्वीट किया है, 'मैं नीतीश कुमार से राज्यसभा में कैब के समर्थन पर पुनर्विचार करने का आग्रह करता हूं। विधेयक जद (एकी) के धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों के खिलाफ होने के अलावा असंवैधानिक, भेदभावपूर्ण और देश की एकता और सद्भाव के खिलाफ है। कांग्रेस ने इसका कड़ा विरोध किया है।' इससे पहले, सोमवार की रात में जब विधेयक को लोकसभा में मतदान के लिए रखा जा रहा था, किशोर ने ट्वीट किया था, 'जद (एकी) को ऐसे विधेयक का समर्थन करते देख निराशा हुई, धर्म के आधार पर भेदभाव करता है। यह जद (एकी) के संविधान से मेल नहीं खाता, जिसके पहले पन्ने पर ही तीन बार धर्मनिरपेक्ष लिखा है। हम गांधी की विचारधारा पर चलने वाले लोग हैं।'

बिहार भाजपा के प्रवक्ता निखिल आनंद ने ट्वीट किया, 'कुछ व्यक्ति खुद को या तो एक संस्था के रूप में या संगठनात्मक ढांचे से परे स्थापित करना चाहते हैं। वे यह भी चाहते हैं कि उनका नेता उनका अनुसरण करें और उनके हुक्म के अनुसार चले जो देश के लिए भी किसी मतभेद को नहीं भुला सकता, वह बेकार है।' एक अन्य ट्वीट में उन्होंने सभी दलों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने नागरिकता संशोधन विधेयक का समर्थन किया है।

जद (एकी) के प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने अपने पार्टी के भीतर इस मुद्दे पर अलग अलग राय होने पर पर्दा डालते हुए कहा, 'हमारी पार्टी लोकतांत्रिक है इसलिए कोई आदेश नहीं है। कुछ वरिष्ठ नेताओं ने अपने निजी विचार व्यक्त किए हैं। पार्टी ने इस तथ्य के बाद अपना आधिकारिक रुख अपनाया कि आस-पास के देशों से उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को भारत से मदद मिलनी चाहिए।' उन्होंने कहा कि इसके अलावा, यह धारणा कि यह कानून मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव करता है, निराधार है। यहां तक कि अगर पाकिस्तान, अफगानिस्तान या बांग्लादेश जैसे देशों में एक मुसलमान को मदद की जरूरत है, तो राजनीतिक शरण देने के लिए एक प्रणाली है। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली बिल के साथ समाप्त नहीं हो जाएगी।

# निर्भया मामले में आखिरी दोषी की सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका

पेज 1 का बाकी

मुजरिमों को मौत की सजा सुनाने के निचली अदालत के फैसले की पुष्टि की थी। इस वारदात में शामिल छह आरोपियों में से एक राम सिंह ने तिहाड़ जेल में कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी जबकि एक अन्य आरोपी नाबालिग था और उसे तीन साल की सजा पूरी करने के बाद सुधार गृह से रिहा कर दिया गया था। दक्षिण दिल्ली में चलती बस में 16-17 दिसंबर, 2012 की रात में 23 वर्षीय निर्भया से छह लोगों ने बर्बरता पूर्वक सामूहिक बलात्कार किया था और उसे बुरी तरह जख्मी हालत में सड़क पर फेंक दिया था। निर्भया की 29 दिसंबर, 2012 को सिंगापुर में माउंट एलिजाबेथ अस्पताल में मृत्यु हो गई थी।

इस बीच दिल्ली की मंडोली जेल में रखे गए इस मामले के एक अन्य दोषी को तिहाड़ जेल में स्थानांतरित किया गया। महानिदेशक (जेल) संदीप गोयल ने बताया कि मंडोली जेल में रखे गये पवन कुमार गुप्ता को हाल ही में तिहाड़ जेल स्थानांतरित किया गया। एक अन्य जेल अधिकारी ने बताया कि गुप्ता तिहाड़ की जेल नंबर 2 में है जहां इस कांड के अन्य दोषियों मुकेश सिंह और अक्षय को भी रखा गया है।

# अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने नागरिकता विधेयक का किया समर्थन

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून 10 दिसंबर।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद और उससे जुड़े साधु-संतों ने समान नागरिक संहिता को लोकसभा में पारित करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है। साधु-संतों और अखाड़ा परिषद ने कहा कि यह बिल राष्ट्रीय एकता अखंडता के लिए सबसे उपयुक्त है। यह विधेयक हिंदुओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है जो हिंदू पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से प्रताड़ित होकर भारत में आए हैं।

हरिद्वार के पंचायती निरंजनी अखाड़ा में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की बैठक परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से समान नागरिक संहिता बिल का समर्थन किया गया।

# 'जवाब मिलने तक राज्यसभा में समर्थन नहीं'

पेज 1 का बाकी

दिसंबर 2014 तक भारत आए गैर मुसलिम शरणार्थी – हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों को भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने का पात्र बनाने का प्रावधान है। शिवसेना ने निचले सदन में विधेयक का समर्थन किया। ठाकरे ने यहां संवाददाताओं से कहा विधेयक पर विस्तृत चर्चा जरूरी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को इस विधेयक को लागू करने से अधिक अर्थव्यवस्था, नौकरी संकट और बढ़ती महंगाई पर चिंतित होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमें इस धारणा को बदलना होगा कि इस विधेयक और भाजपा का समर्थन करने वाले देशभक्त हैं और जो इसका विरोध कर रहे हैं वे राष्ट्रद्रोही। विधेयक को लेकर उठाए गए सभी मुद्दों पर सरकार को जवाब देना चाहिए।'

ठाकरे ने उम्मीद जताई कि भारत में शरण मांगने वालों और इस विधेयक के दायरे में आने वालों को अब अधिक प्याज मिलेगा। ठाकरे ने कहा, 'भाजपा को लगता है कि जो कोई (इससे) असहमत है, वह देशद्रोही है।' उन्होंने कहा कि शिवसेना ने जिन संशोधनों का सुझाव दिया है, उन्हें राज्यसभा में पेश किए जाने वाले विधेयक में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'ये शरणार्थी कहां रुकेंगे... किस राज्य में। यह सबकुछ स्पष्ट होना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'हमने कुछ सवाल उठाए हैं लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिए हैं। यह एक भ्रांति है कि सिर्फ भाजपा को देश का खयाल है।'

उधर राकांपा के मुख्य प्रवक्ता नवाब मलिक ने हालांकि कहा कि पार्टियां यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि महाराष्ट्र में किसी के साथ भी धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्र के आधार पर भेदभाव न हो। महाराष्ट्र कांग्रेस के महासचिव सचिन सावंत ने भी कहा कि भले ही शिवसेना ने लोकसभा में नागरिकता संशोधन विधेयक का समर्थन किया हो, लेकिन उम्मीद है कि उद्धव ठाकरे नीत पार्टी राज्य में शासन चलाते समय साझा न्यूनतम कार्यक्रम (सीएमपी) का पालन करेगी। राकांपा ने इससे पहले विधेयक को संविधान-विरोधी करार देते हुए कहा था कि भाजपा नीत केंद्र सरकार इसका इस्तेमाल अपने राजनीतिक फायदे के लिए कर रही है।

# प्रधानमंत्री के उपहारों से 15.13 करोड़ की आय

पेज 1 का बाकी

सरकार से पूछा था कि क्या सरकार के पास 2014 से पूर्व आयोजित की गई नीलामी के संबंध में कोई विवरण है तो इसकी भी जानकारी दी जाए। इस मामले में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश मंत्रालय के पास उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार 2014 से पहले आयोजित नीलामी का कोई विवरण केंद्र सरकार के पास नहीं है। ज्ञात हो कि अक्तूबर 2019 में केंद्र सरकार ने यह नीलामी की थी। इस नीलामी में प्रधानमंत्री मोदी के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी वाले चित्र की सबसे ऊंची बोली लगी थी और यह 25 लाख रुपए में नीलाम हुआ था। यह नीलामी ऑनलाइन की गई थी और इस वर्ष नीलामी के लिए 2772 उपहारों को रखा गया था। इसकी प्रदर्शनी भी राष्ट्रीय आधुनिक संग्राहलय में लगाई गई थी। नीलाम की गई वस्तुओं में चित्र मूर्तियां, शॉल, जैकेट और पारंपरिक वाद्य यंत्र समेत अन्य कई कीमती वस्तुएं थीं।

**पटना में बने ग्रंथालय व संग्रहालय :** मंगलवार को राज्यसभा सदस्य राकेश सिन्हा ने बिहार राज्य में ग्रंथालय व संग्रहालय बनाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पटना के समीप राजगीर, वैशाली और कुम्हरार में बौद्ध काल के दौरानधम्म सभाओं का आयोजन किया गया था।

# बीएचयू के प्रोफेसर खान ने धर्म संकाय से दिया इस्तीफा

पेज 1 का बाकी

संकाय में पढ़ाने को लेकर उठे विवाद के बीच कला संकाय के संस्कृत विभाग और आयुर्वेद विभाग दोनों में साक्षात्कार दिया था, जिसके बाद दोनों विभागों में उनका चयन हो गया। प्रोफेसर खान ने संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान से इस्तीफा देकर कला संकाय के संस्कृत विभाग में ज्वाइन कर लिया।

इस बात को लेकर संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान के संकाय प्रमुख प्रोफेसर कौशलेंद्र पांडे ने धरनारत छात्रों को प्रोफेसर खान का इस्तीफा दिखाते हुए धरना समाप्त करने का अनुरोध किया जिसके बाद छात्रों ने धरना समाप्त कर दिया।

# पूर्वोत्तर राज्यों में आक्रोश

पेज 1 का बाकी

असम स्टूडेंट्स यूनियन, कृषक मुक्ति संग्राम समिति, ऑल अरुणाचल प्रदेश स्टूडेंट्स यूनियन, खासी स्टूडेंट्स यूनियन और नगा स्टूडेंट्स फेडरेशन जैसे संगठन बंद का समर्थन करने के लिए एनईएसओ के साथ हैं। असम में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प की खबर है। वहीं आंदोलनकारियों ने त्रिपुरा में बाजार में आग लगा दी। इस बंद के आह्वान के मद्देनजर असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उधर राज्यसभा में यह विधेयक बुधवार को पेश होगा। विधेयक को पास कराने के लिए किसी प्रकार की कोई अड़चन नहीं आए इसके लिए भारतीय जनता पार्टी ने विप जारी किया है।

नगालैंड में चल रहे हॉर्नबिल महोत्सव की वजह से राज्य को बंद के दायरे से बाहर रखा गया है। पूर्वोत्तर राज्यों के मूल निवासियों को डर है कि इन लोगों के प्रवेश से उनकी पहचान और आजीविका खतरे में पड़ सकती है। असम में दो छात्र संगठनों के राज्यव्यापी बंद के आह्वान के बाद ब्रह्मपुत्र घाटी में जनजीवन ठप है। ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन और नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन की ओर से बुलाए गए 11 घंटे के बंद का असर बंगाली बहुल बराक घाटी में कुछ खास नहीं रहा। असम में ऑल स्टूडेंट्स यूनियन, नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन, वामपंथी संगठनों-एसएफआइ, डीवाईएफआइ, एडवा, एआइएसएफ और आइसा ने बंद आहूत किया है। शहर के मालीगांव क्षेत्र में एक सरकारी बस पर पत्थरबाजी हुई और एक स्कूटर को आग के हवाले कर दिया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दुकान, बाजार और कारोबारी प्रतिष्ठान इस दौरान बंद रहे।

डिब्रूगढ़ जिले में बंद समर्थकों की झड़प सीआइएसएफ कर्मियों के साथ हुई। इनमें से तीन घायल हो गए क्योंकि ये ऑल इंडिया लिमिटेड के कर्मचारियों को कार्यालय में जाने से रोक रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी और टायर जलाए। इसके अलावा शैक्षणिक और वित्तीय संस्थान भी पूरे दिन के लिए बंद रहे। गुवाहाटी के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े जुलुस निकाले गए। प्रदर्शनकारी नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2019 के खिलाफ नारे लगा रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सचिवालय और विधानसभा की इमारतों के बाहर गुवाहाटी में प्रदर्शनकारियों से सुरक्षा बलों की झड़प भी हुई क्योंकि पुलिस प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक रही थी।

रेलवे प्रवक्ता ने बताया कि पूरे असम में ट्रेन सेवा प्रभावित है क्योंकि रेलवे की पटरियों पर अवरोधक लगाए गए हैं। अरुणाचल प्रदेश में विधेयक के विरोध में एनईएसओ की ओर से पूर्वोत्तर में बुलाए गए 11 घंटे की बंद से जनजीवन प्रभावित है। नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट यूनियन के सदस्य ऑल अरुणाचल प्रदेश स्टूडेंट्स यूनियन (आप्सू) द्वारा बंद बुलाए जाने के बाद शैक्षणिक संस्थान, बैंक, कारोबारी प्रतिष्ठान, बाजार बंद रहे। इसके अलावा निजी और सरकारी वाहन सड़कों से नदारद रहे। अधिकारियों ने बताया कि सरकारी कार्यालयों में बंद के दौरान उपस्थिति शून्य रही।

मणिपुर में अखिल मणिपुर छात्र संघ (एएमएसयू) ने राज्य में सुबह तीन बजे से शाम छह बजे तक पूर्ण हड़ताल का आह्वान किया है। पूर्वोत्तर छात्र संगठन (नेसो) के घटक एएमएसयू ने कहा कि अगर विधेयक को तुरंत वापस नहीं लिया जाता है तो वह आंदोलन को तेज करेगा। पूर्वोत्तर में छात्र संगठनों के शीर्ष निकाय नेसो ने विधेयक के विरोध में बंद का आह्वान किया है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि मणिपुर के कई हिस्सों में मंगलवार को सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा, दुकानें व व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे और शैक्षणिक व व्यावसायिक संस्थान भी दिन भर बंद रहे। वाहन सड़कों पर नजर नहीं आए। अखिल मणिपुर छात्र संघ (एएमएसयू) के अध्यक्ष लाइशराम अथाउबा मैतेई ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मांग माने जाने तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

एनईएसओ द्वारा आहूत बंद में भाग लेने वाले प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को त्रिपुरा के धलाई जिले के एक बाजार में आग लगा दी। इस बाजार में ज्यादातर दुकानों के मालिक गैर-आदिवासी हैं।

नार्थ ईस्ट स्टूडेंट्स यूनियन (एनईएसओ) में शामिल खासी स्टूडेंट्स यूनियन (केएसयू) द्वारा नागरिकता संशोधन विधेयक (कैब) के विरोध में किए गए बंद के आह्वान के चलते मेघालय में सामान्य जीवन प्रभावित रहा। अधिकारियों ने बताया कि दुकानों, बाजार और कारोबारी प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रहे, जबकि शैक्षणिक और वित्तीय संस्थान पूरे दिन बंद रहे।

गुवाहाटी विश्वविद्यालय और डिब्रुगढ़ विश्वविद्यालय ने बुधवार को होने वाली अपनी सभी परीक्षाएं टाल दी हैं। यह विधेयक अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड और मिजोरम में लागू नहीं होगा जहां आइएलपी व्यवस्था है इसके साथ ही संविधान की छठी अनुसूची के तहत शासित होने वाले असम, मेघालय और त्रिपुरा के जनजातीय क्षेत्र भी इसके दायरे से बाहर होंगे।

विधेयक बुधवार को राज्यसभा में पेश होगा। इस विधेयक को पास कराने के लिए किसी प्रकार की कोई अड़चन नहीं आए इसके लिए भारतीय जनता पार्टी ने विप जारी किया है।

# 'सिफारिश के छह महीने में हो न्यायाधीशों की नियुक्ति'

पेज 1 का बाकी

पीठ ने कहा, 'पूरे भारत के आंकड़ों से पता चलता है कि उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की 1079 मंजूर संख्या के मुकाबले कार्यरत संख्या केवल 669 है। 410 रिक्तियां हैं। 213 सिफारिशों के सरकार या उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम के पास प्रक्रिया में होने की बात कही गई है जबकि 197 रिक्तियों के लिए उच्च न्यायालय कॉलेजियम से सिफारिशें अभी प्राप्त होनी बाकी हैं।' शीर्ष अदालत की सहायता कर रहे अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने पीठ से कहा कि इन रिक्तियों को भरकर 'एक छोटी सी शुरुआत की जानी वांछित है।' पीठ ओड़ीशा से स्थानांतरित होकर आई एक अर्जी पर सुनवाई कर रही थी जहां वकील राज्य के अन्य हिस्सों में उच्च न्यायालय की सर्किट पीठों की मांग को लेकर कई जिलों में हड़ताल पर हैं।

# नानावती आयोग की अंतिम रिपोर्ट आज विधानसभा में

पेज 1 का बाकी

में रिपोर्ट पेश करेगी। राज्य सरकार ने पूर्व आईपीएस अधिकारी आर बी श्रीकुमार की जनहित याचिका के जवाब में यह आश्वासन दिया था। श्रीकुमार ने हाई कोर्ट से राज्य सरकार को यह रिपोर्ट सार्वजनिक करने का निर्देश देने की दरख्वास्त की थी। राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक श्रीकुमार ने आयोग के समक्ष हलफनामा देकर गोधरा के बाद फैले दंगे के दौरान सरकार द्वारा कथित निष्क्रियता बरते जाने पर सवाल उठाया था।

www.readwhere.com

## खबर कोना

### ट्रंप महाभियोग : डेमोक्रेट्स व रिपब्लिकन आमने-सामने

वाशिंगटन, 10 दिसंबर (एएफपी)।

डेमोक्रेट्स ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग के मामले में अपना पक्ष रखते हुए उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ स्पष्ट खतरा करार दिया। वहीं रेपब्लिकन ने आरोपों को खारिज करते हुए इसे राजनीति से प्रेरित बताया। ट्रंप पर आरोप हैं कि उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में संभावित प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन समेत अपने प्रतिद्वंद्वियों की छवि खराब करने के लिए यूक्रेन से गैरकानूनी रूप से मदद मांगी। डेमोक्रेट्स के वकील डेनियल गोल्डमैन ने कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप का एक विदेशी देश पर जबरदस्ती चुनाव जीतने और धोखा देने में मदद के लिए दबाव बनाना, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव और हमारे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्पष्ट मौजूदा खतरा है।' रिपब्लिकन डॉग कॉलिन्स ने कहा कि डेमोक्रेट्स का राष्ट्रपति चुनाव से पहले यह कदम महज प्रचार पाने का तरीका है।

### प्रतिबंधित दवाओं के आयात पर भारतीय कारोबारी दोषी

वाशिंगटन, 10 दिसंबर (भाषा)।

अमेरिका में 37 वर्षीय भारतीय कारोबारी को प्रतिबंधित दवाओं के आयात और धन शोधन की साजिश से जुड़े मामले में दोषी ठहराया गया है। एक अमेरिकी वकील ने यह जानकारी दी। नागपुर से ताल्लुक रखने वाले जितेंद्र हरीश बेलानी को तीन जून को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था और उसके बाद अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया। अमेरिका के न्याय विभाग की ओर से मंगलवार को जारी बयान में कहा गया है कि मादक पदार्थ आयात षडयंत्र के आरोपों के लिए बेलानी अधिकतम 20 साल की सजा और दस लाख अमेरिकी डॉलर के जुर्माने का सामना कर रहे हैं। हालांकि वास्तविक सजा अपराधों की गंभीरता और पुराने आपराधिक इतिहास (अगर कोई इतिहास है तो) पर आधारित होगी। बेलानी ने अपने अपराध कबूलनामे वाली याचिका में मादक पदार्थ वितरण कंपनी एलईईएचपीएल चलाने का अपराध स्वीकार किया है।

### ज्वालामुखी फटने से मरने वालों की संख्या हुई छह

सिडनी, 10 दिसंबर (एएफपी)।

न्यूजीलैंड के ऑकलैंड अस्पताल में मंगलवार शाम को एक घायल व्यक्ति की मौत होने के बाद वाइट आइलैंड पर ज्वालामुखी फटने से मरने वालों की संख्या छह हो गई। पुलिस ने बताया कि एक और व्यक्ति की मौत की पुष्टि होने के बाद ज्वालामुखी विस्फोट से हुई मौतों की संख्या छह तक पहुंच गई है। सोमवार को हुए ज्वालामुखी विस्फोट में लापता आठ लोगों को भी मृत माना जा रहा है।

### दुबई के अस्पताल से बयान दर्ज कराने को तैयार : मुशर्रफ

लाहौर, 10 दिसंबर (भाषा)।

पाकिस्तान के पूर्व सैन्य शासक जनरल (सेवानिवृत्त) परवेज मुशर्रफ ने यहां की एक अदालत को सूचित किया है कि वह उनके खिलाफ चल रहे देशद्रोह के मामले में दुबई के अस्पताल से अपना बयान दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। मंगलवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। मार्च 2016 से दुबई में रह रहे मुशर्रफ लंबे समय से बीमार चल रहे हैं ।

### पाक में महिला पोलियो कार्यकर्ता की हत्या

पेशावर, 10 दिसंबर (भाषा)।

उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में तीन पहिया वाहन में जा रही महिला पोलियो कार्यकर्ता की गोली मार कर हत्या कर दी गई। हमले में वाहन चालक घायल हो गया। हमला सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में हुआ, जिसमें बिस्ताज बीबी नाम की महिला की मौत हो गई और चालक अब्दुल रउफ घायल हो गया। हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### डेमोक्रेट सांसद के प्रस्ताव से भारतीय समुदाय नाराज

न्यूयार्क, 10 दिसंबर (भाषा)।

भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने कहा कि वे भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेट सांसद प्रमिला जयपाल से 'ठगा हुआ और छला गया' महसूस कर रहे हैं, जिन्होंने संसद में कश्मीर पर प्रस्ताव पेश किया है। जयपाल के इस कदम को राजनीतिक फायदा पाने की कोशिश बताया गया है। उन्होंने शुक्रवार को संसद में प्रस्ताव पेशकर भारत से जम्मू-कश्मीर में जल्द से जल्द संचार पाबंदियों को खत्म करने और सभी निवासियों की धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

# बांग्लादेश में रोहिंग्या शिविरों के चारों ओर बाड़ लगनी शुरू

बालुखाली, 10 दिसंबर (एपी)।

- सैनिकों को दक्षिणपूर्वी सीमांत जिले कॉक्सबाजार स्थित बालुखाली में एक बड़े शिविर के चारों ओर कंटीले तार की बाड़ लगाने के लिए खंभे लगाते हुए देखा गया है
- शिविरों में 10 लाख लोग हैं जिसमें से ज्यादातर मुसलिम रोहिंग्या समुदाय से हैं। इनमें से 7.5 लाख लोग 2017 में पड़ोसी म्यांमा में सैन्य अभियान के बाद भागकर आए थे

बांग्लादेश की सेना ने उन शिविरों के चारों ओर बाड़ लगाने का काम शुरू कर दिया है जहां हजारों रोहिंग्या शरणार्थी रह रहे हैं। बांग्लादेशी सेना ने बाड़ लगाने का यह काम समुदाय के नेताओं और मानवाधिकार समूहों की शिकायतों के बावजूद शुरू किया है। समाचार एजंसी के संवाददाता ने मंगलवार को सेना की वर्दी पहने सैनिकों को दक्षिणपूर्वी सीमांत जिले कॉक्सबाजार स्थित बालुखाली में एक बड़े शिविर के चारों ओर कंटीले तार की बाड़ लगाने के लिए खंभे लगाते हुए देखा है। बांग्लादेश के शरणार्थी आयुक्त महबूब आलम तालुकदार ने इसका काम शुरू होने की पुष्टि की लेकिन इस बारे में कुछ भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल अजीज अहमद ने पिछले महीने के अंत में कहा था कि सेना के इंजीनियरों ने खंभे लगाने शुरू कर दिए हैं और सेना ने कंटीले तार के लिए आर्डर दे दिए हैं। शिविरों में करीब 10 लाख सदस्य रहते हैं जिसमें से ज्यादातर मुसलिम रोहिंग्या समुदाय से हैं। इनमें से 750,000 अगस्त 2017 में पड़ोसी म्यांमा में सैन्य अभियान के बाद भागकर आए थे।

शरणार्थियों को रखने को लेकर बांग्लादेश में निराशा बढ़ रही है, विशेष तौर पर उन्हें गत अगस्त में म्यांमा वापस भेजने का प्रयास असफल होने के बाद से। शरणार्थियों के शिविर छोड़ने पर पहले से ही रोक है। हालांकि उनकी विशाल संख्या होने का मतलब है कि प्राधिकारी उनकी सभी गतिविधियों पर नजर रखने में असफल हैं। शिविरों के चारों ओर बाड़ लगाने के कदम की रोहिंग्या नेताओं ने निंदा की है और कहा है कि इससे रोहिंग्याओं के बीच 'घबराहट' उत्पन्न होगी। मोहम्मद हाशिम ने कहा, 'यह हमारे आवागमन को सीमित करेगा। हमें प्राधिकारियों से राशन लेने के लिए लंबी दूरी तक जाना पड़ता है। हमारे बच्चे अब नहीं खेल पाएंगे।' इससे पहले मानवाधिकार समूहों ने इस कदम की निंदा करते हुए कहा था कि बाड़ लगाने से शिविर 'एक बड़े कारागाह' में तब्दील हो जाएगा।




**कॉप 25** मैड्रिड में मंगलवार को 'कॉप 25' जलवायु सम्मेलन संबोधित करते केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावडेकर।

# संयुक्त राष्ट्र की अदालत में सू की से 'जनसंहार रोकने' को कहा गया

हेग, 10 दिसंबर (एएफपी)।

रोहिंग्या मुसलमानों पर दमन के खिलाफ म्यांमा का पक्ष रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष न्यायालय पहुंची नोबेल शांति विजेता आंग सान सू की को जनसंहार रोकने की अपील का सामना करना पड़ा।

रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ चलाए गए अभियान पर चुप्पी से उनकी अंतरराष्ट्रीय साख को धक्का लगा। सू की हेग स्थित न्यायालय में सुनवाई के लिए पहुंची हैं। मानवाधिकार समूहों ने अंतरराष्ट्रीय अदालत में म्यांमा की नुमाइंदगी करने के उनके फैसले की आलोचना की है।

पश्चिम अफ्रीकी देश गाम्बिया ने यह मामला उठाया है। रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ 2017 में सैन्य अभियान को लेकर म्यांमा को न्याय के कठघरे में लाने की यह पहली कोशिश है । मुसलिम बहुल गाम्बिया 57 देशों के इस्लामिक सहयोग संगठन की ओर से कदम उठा रहा है। आरोप है कि म्यांमां ने नरसंहार रोकने में 1948 के समझौते का उल्लंघन किया। 2017 में म्यांमा के राखिने प्रांत में चलाए गए सैन्य अभियान के बाद करीब सात लाख 40 हजार रोहिंग्या लोगों ने पड़ोस के बांग्लादेश में शरण ली।

गाम्बिया के न्याय मंत्री अबूबकर तमबादोउ ने अदालत के जजों से कहा, गाम्बिया और म्यांमा के बीच बहुत विवाद है। गाम्बिया आपसे म्यामां से बर्बर कृत्यों को रोकने के लिए कहने का अनुरोध करता है। बर्बरता ने हमारी साझा अंतरात्मा को झकझोर दिया है। उसे अपने ही लोगों के खिलाफ नरसंहार रोकना चाहिए ।

रवांडा के 1994 के नरसंहार में अभियोजक रहे तमबादोउ ने कहा कि म्यांमा की सेना ने सामूहिक हत्या, सामूहिक बलात्कार, सामूहिक उत्पीड़न किया। बच्चों को उनके घरों और धार्मिक स्थानों पर जिंदा जला दिया गया।

रोहिंग्या लोगों को आगे कोई नुकसान नहीं हो इसके लिए गाम्बिया आपात प्रावधान लागू करने की मांग कर रहा है। बर्मा का परंपरागत परिधान पहने हुए नागरिक नेता ने पहुंचने के बाद मौजूद मीडिया से कोई बात नहीं की।

# सीसीपीआइ के शीर्ष दस देशों में शामिल भारत : रिपोर्ट

मैड्रिड, 10 दिसंबर (भाषा)।

भारत पहली बार इस वर्ष के जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (सीसीपीआइ) में शीर्ष दस देशों में शामिल हुआ है। वहीं अमेरिका सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में पहली बार शामिल हुआ है। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में 'कॉप 25' जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में मंगलवार को सीसीपीआइ रिपोर्ट जारी की गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में प्रति व्यक्ति उत्सर्जन और ऊर्जा इस्तेमाल का मौजूदा स्तर 'उच्च श्रेणी' में नौवें स्थान पर है। हालांकि यह अभी तुलनात्मक रूप से कम है। हालांकि, अपनी जलवायु नीति के प्रदर्शन के लिए उच्च रेटिंग के बावजूद विशेषज्ञों का कहना है कि भारत सरकार को अभी जीवाश्म ईंधन पर दी जा रही सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से कम करने के लिए रूपरेखा बनानी होगी जिसक परिणामस्वरूप कोयले पर देश की निर्भरता कम हो जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया कि 57 उच्च उत्सर्जन वाले देशों में से 31 में उत्सर्जन का स्तर कम होने के रुझान दर्ज किए गए हैं। ये देश 90 प्रतिशत उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं।

जर्मनवॉच, न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट एंड क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क द्वारा संयुक्त रूप से पेश सूचकांक के लेखकों में से एक उर्सुला हेगन ने कहा, 'नए जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक से कोयले की खपत में कमी समेत उत्सर्जन में वैश्विक बदलाव के संकेत दिखाई देते हैं।' इस सूचकांक में स्वीडन चौथे और डेनमार्क पांचवें स्थान पर है। सबसे बड़े वैश्विक उत्सर्जक चीन ने सूचकांक में अपनी रैंकिग में मामूली सुधार करते हुए 30वां स्थान हासिल किया है। केवल दो जी20 देशों ब्रिटेन (7वें) और भारत (नौंवे) को 'उच्च' श्रेणी में स्थान दिया गया है जबकि जी20 के आठ देश सूचकांक की सबसे खराब श्रेणी (बहुत निम्न) में बने हुए हैं। आस्ट्रेलिया (61 में से 56वां), सऊदी अरब और खासकर अमेरिका खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में है। अमेरिका पहली बार सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देश में शामिल हुआ है।

# अमेरिका में भारतवंशी सिख टैक्सी चालक पर हमला

ह्यूस्टन, 10 दिसंबर (भाषा)।

अमेरिका के वाशिंगटन प्रांत में भारतीय मूल के सिख टैक्सी चालक पर हमले और नस्ली दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। मीडिया में आईं खबरों में यह जानकारी दी गई है।

'बेलिंघम हेराल्ड' ने पुलिस के हवाले से कहा कि ग्रिफिन लेवी सेयर्स (22) ने पांच दिसंबर को बेलिंघम शहर में सिख ऊबर चालक के साथ मौखिक और शारीरिक रूप से दुर्व्यवहार किया। पुलिस अधिकारी क्लॉउडिया मर्फी ने समाचार पत्र को बताया कि सेयर्स ने सिख व्यक्ति का गला दबाते हुए उसके रंग को लेकर नस्ली टिप्पणियां कीं। 'कोमो न्यूज' समाचार पत्र ने कहा कि संघर्ष करने के बाद चालक अपनी कार से भाग निकलने में कामयाब रहा और मदद मांगी। पीड़ित की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने पोर्श में सेयर्स के अपार्टमेंट पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में छह दिसंबर को उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# चिली में सैन्य विमान 38 यात्रियों के साथ लापता

सैंटियागो, 10 दिसंबर (एएफपी)।

चिली की वायुसेना ने कहा कि 38 लोगों के साथ उड़ान भरने वाले सैन्य विमान से सोमवार को 'रेडियो संपर्क टूट गया' जिसके बाद विमान का कुछ पता नहीं है। वायु सेना ने 'आपात स्थिति' की घोषणा की है।

इस विमान ने देश के दक्षिण से अंटार्कटिका के एक अड्डे के लिए उड़ान भरी थी। चार इंजन वाले इस विमान में चालक दल के 17 सदस्यों के साथ 21 अन्य यात्री सवार थे। वायुसेना ने कहा, 'एक सी-130 हरक्यूलिस विमान ने पुंटा एरिनास शहर से शाम चार बजकर 55 मिनट पर 'प्रेसिडेंट एडुआर्डो फ्रेई अंटार्कटिका बेस' के लिए उड़ान भरी थी। इसमें 38 यात्री सफर कर रहे हैं।' वायु सेना ने कहा कि उसने शाम छह बजकर 13 मिनट पर संचार संपर्क टूटने के बाद आपात स्थिति की घोषणा कर दी थी। विमानों और चिली की नौसेना के पोतों से बचाव अभियान शुरू किया गया है। राष्ट्रपति सेबस्टियन पिन्येरा ने ट्वीट किया कि गृह मंत्री गोंजालो ब्लूमेल के साथ वह पुंटा एरिनास जाएंगे। राष्ट्रपति वहां रक्षा मंत्री अल्बर्टो एस्पिना से मुलाकात करेंगे और तलाश व बचाव अभियान पर नजर रखेंगे।

# चेक गणराज्य के अस्पताल में गोलीबारी से छह मरे

प्राग, 10 दिसंबर (एएफपी)।

चेक गणराज्य के पूर्व में स्थित ओस्त्रोवा शहर में एक बंदूकधारी ने अस्पताल में गोलीबारी की। इसमें छह व्यक्तियों की मौत हो गई। गोलीबारी के बाद भाग रहे हमलावर ने पुलिस से घिरा देख खुद को भी गोली मार ली। यह घटना ओस्त्रोवा शहर के यूनिवर्सिटी अस्पताल में मंगलवार सुबह सात बजे के करीब हुई। यह शहर प्राग के पूर्व में 350 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में चार व्यक्तियों और दो महिलाओं की मौत हो गई। दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए और एक व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कहा कि उसे पता नहीं चल पाया कि किस कारण से 42 वर्षीय हमलावर ने घटना को अंजाम दिया। प्रधानमंत्री आंद्रेज बेबिस ने चेक पब्लिक टेलीविजन को बताया कि प्रतीक्षा कक्ष में गोलीबारी की घटना हुई। हमलावर ने करीब से लोगों पर गोलियां चलायीं।

# कश्मीर में स्थिति को लेकर चिंतित हैं, सामान्य हालात बहाल करना जरूरी : यूरोपीय संघ

नई दिल्ली, 10 दिसंबर (भाषा)।

यूरोपीय संघ ने मंगलवार को कहा कि वह कश्मीर में लोगों की 'मौलिक स्वतंत्रता' पर लगे प्रतिबंधों को लेकर चिंतित है और उसने घाटी में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए संचार माध्यमों और जरूरी सेवाओं को बहाल करने जैसे कदम उठाने की अपील की।

भारत में यूरोपीय संघ के राजदूत उगो अस्तुतो ने कहा कि पाकिस्तान को आतंकवादियों और आतंकी संगठनों के खिलाफ कदम जरूर उठाने चाहिए और साथ ही कहा कि देश में आतंकवाद को रोकने के लिए आतंकवाद रोधी संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) द्वारा सुझाए गए कदमों का उसे अनुपालन करना चाहिए।

अस्तुतो ने मीडिया से कहा कि यूरोपीय संघ भारत और पाकिस्तान के बीच के मुद्दों को बातचीत के जरिए सुलझाए जाने का पक्षधर है। कश्मीर पर उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ भारत की सुरक्षा चिंताओं को समझता है लेकिन साथ ही जोर दिया कि घाटी में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि मामले में संघ के दृष्टिकोण में अगस्त से कोई बदलाव नहीं आया है।

गौरतलब है कि अगस्त में, भारत ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा वापस लेने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने की घोषणा की थी। पाकिस्तान ने इस कदम पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी और भारत के साथ अपने कूटनीतिक संबंधों को घटा लिया था।

# अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को खत्म करने के खिलाफ याचिका पर सुनवाई शुरू

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 10 दिसंबर।

जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान खत्म करने के सरकार के फैसले की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई शुरू हो गई। न्यायमूर्ति एनवी रमण की अध्यक्षता वाले पांच सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष नौकरशाह से राजनीति में आए शाह फैसल और अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील राजू रामचंद्रन ने बहस शुरू की। रामचंद्रन ने इस मामले में अपनी बहस के दायरे के बारे में पीठ को अवगत कराया।

संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत शामिल हैं। रामचंद्रन ने कहा कि वे इस सवाल पर बहस करेंगे कि क्या अस्थायी राष्ट्रपति शासन की आड़ में राज्य और केंद्र के बीच संघीय रिश्तों में 'अपरिवर्तनीय बदलाव' लाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वे इस सवाल पर भी बहस करेंगे कि क्या निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से जम्मू-कश्मीर की जनता की भागीदारी के बगैर ही ऐसा किया जा सकता है क्योंकि अब इस राज्य को दो केंद्रशासित राज्यों में बांट दिया गया है।

रामचंद्रन ने कहा कि दूसरा महत्त्वपूर्ण मुद्दा विशेषकर जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में है कि जब अनुच्छेद 370 में ही संबंधों में बदलाव की व्यवस्था है तो क्या अपरिवर्तनीय बदलाव करते समय उस व्यवस्था को नजरअंदाज किया जा सकता है। इस मामले में दायर याचिकाओं में वकील, कार्यकर्ता, निजी लोग और नेशनल कान्फ्रेंस, सज्जाद लोन के नेतृत्व वाली पीपुल्स कान्फ्रेंस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी की याचिकाएं भी हैं।

# भारत की शीर्ष रक्षा कंपनियों की हथियारों की बिक्री गिरी

स्टॉकहोम, 10 दिसंबर (भाषा)।

- देश की तीन शीर्ष रक्षा कंपनियों की सामूहिक बिक्री 2018 में 6.9 फीसद घटकर 5.9 अरब अमेरिकी डॉलर रह गई।
- इस दौरान वैश्विक स्तर पर हथियारों की बिक्री में इजाफा।
- देश की रक्षा क्षेत्र की तीनों कंपनियां दुनिया की शीर्ष 100 हथियार आपूर्तिकर्ताओं में हैं।

भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तीन शीर्ष रक्षा कंपनियों की सामूहिक बिक्री 2018 में 6.9 फीसद घटकर 5.9 अरब अमेरिकी डॉलर रह गई। हालांकि, इस दौरान वैश्विक स्तर पर हथियारों की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है। भारत की रक्षा क्षेत्र की तीनों कंपनियां दुनिया की शीर्ष 100 हथियार आपूर्तिकर्ताओं में आती हैं।

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआइपीआरआई) ने सोमवार को कहा कि क्षेत्र की 100 सबसे बड़ी कंपनियों (चीन की कंपनियों को छोड़कर) की कुल हथियार और सैन्य सेवाओं की बिक्री 2018 में 4.6 फीसद बढ़कर 420 अरब डॉलर रही। एसआइपीआरआइ के हथियार उद्योग के डाटाबेस के नए आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 100 में शामिल कंपनियों की हथियार एवं सैन्य सेवाओं की बिक्री 2002 से 47 प्रतिशत बढ़ी है। इस डाटाबेस में चीन की कंपनियों के आंकड़ों को विश्वसनीय अनुमान के अभाव में शामिल नहीं किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2018 में दुनिया की शीर्ष 100 हथियार विनिर्माताओं में से 80 अमेरिका, यूरोप और रूस की कंपनियां थीं। शेष 20 में छह जापान की, तीन-तीन इस्राइल, भारत और दक्षिण कोरिया की, दो तुर्की की और एक-एक आस्ट्रेलिया, कनाडा और सिंगापुर की कंपनियां थीं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि शीर्ष 100 में शामिल भारत की तीन कंपनियों की बिक्री 2018 में घटकर 5.9 अरब डॉलर रह गई। यह 2017 की तुलना में 6.9 फीसद की गिरावट है। इस गिरावट की प्रमुख वजह भारतीय आयुध कारखाने की हथियार बिक्री में 27 फीसद की उल्लेखनीय गिरावट है। एसआइपीआरआइ की सूची में शामिल तीन भारतीय कंपनियों में हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) 38वें, भारतीय आयुध कारखाना 56वें और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि. (बीईएल) 62वें स्थान पर है। शीर्ष 100 कंपनियों की बिक्री में भारत की तीन कंपनियों का हिस्सा 1.4 फीसद है।

# सोनिया ने पार्टी सांसदों को दिया रात्रिभोज

नई दिल्ली, 10 दिसंबर (भाषा)।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को पार्टी सांसदों को रात्रिभोज दिया। सूत्रों का कहना है कि इस भोज में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व कुछ अन्य सांसद मौजूद नहीं थे।सोनिया ने संसद शीतकालीन सत्र के बीच में पार्टी सांसदों को ऐसे समय में रात्रिभोज दिया है जब नागरिकता संशोधन विधेयक को लेकर सियासी सरगर्मी तेज है।

# साथ आ सकते हैं शिवसेना, भाजपा : मनोहर जोशी

मुंबई, 10 दिसंबर (भाषा)।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना के वरिष्ठ नेता मनोहर जोशी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी और भाजपा निकट भविष्य में फिर साथ आ सकते हैं। जोशी ने पत्रकारों से कहा कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे इस मुद्दे पर उचित समय पर निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा, 'छोटे मुद्दों पर लड़ने की जगह बेहतर है कि कुछ बातों को बर्दाश्त किया जाए। जिन मुद्दों को आप दृढ़ता के साथ महसूस करते हैं, उसे साझा करना अच्छा है। अगर दोनों दल साथ में काम करते हैं तो यह दोनों के लिए बेहतर होगा।'

जोशी ने कहा, 'ऐसा नहीं है कि शिवसेना अब कभी भी भाजपा के साथ नहीं जाएगी। उद्धव ठाकरे सही समय पर सही निर्णय लेंगे।' वरिष्ठ शिवसेना नेता का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब दोनों दलों के बीच हाल में मुख्यमंत्री पद को लेकर सहमति नहीं बन पाने के कारण अलगाव हो गया था।

www.readwhere.com

## खबर कोना



मनीला में मंगलवार को दक्षिण पूर्व एशियाई खेलों में इंडोनेशिया के खिलाफ गोल दागने की खुशी मनाते वियतनाम के फुटबाल खिलाड़ी।

### पाकिस्तान अब तटस्थ स्थानों पर मैचों का आयोजन नहीं करेगा : अहसान मनि

रावलपिंडी, 10 दिसंबर (एपी)।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष अहसान मनि ने कहा है कि पाकिस्तान अब घरेलू अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों का आयोजन तटस्थ स्थान पर कराने पर विचार नहीं करेगा। मनि ने कहा, 'अब अन्य टीमों को हमें बताना होगा कि वे पाकिस्तान में क्यों नहीं खेलना चाहते।' उन्होंने कहा, 'हमारी स्थिति यह है कि पाकिस्तान सुरक्षित है। हम पाकिस्तान में क्रिकेट खेल रहे हैं और अगर आपको पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है तो आपको पाकिस्तान आना होगा।' श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टैस्ट कराची में 19 से 23 दिसंबर से होगा।

### क्रिकेट आस्ट्रेलिया को 2022 में टैस्ट शृंखला के लिए आमंत्रण

कराची, 10 दिसंबर (भाषा)।

पीसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वसीम खान के अनुसार पीसीबी क्रिकेट आस्ट्रेलिया को 2022 में टैस्ट श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम को पाकिस्तान भेजने के लिए मनाने का प्रयास कर रहा है। खान ने संवाददाताओं से कहा, 'आस्ट्रेलिया सैद्धांतिक रूप से पाकिस्तान की घरेलू शृंखला में तीन टैस्ट खेलने को राजी हो गया है। बेशक हम यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं कि आस्ट्रेलिया 2022 में पाकिस्तान में खेलने पर सहमत हो ।

# अपनी कमियों को दुरुस्त करके उतरेगी टीम इंडिया

मुंबई, 10 दिसंबर (भाषा)।

भारत आज वेस्ट इंडीज के खिलाफ निर्णायक तीसरे टी20 मैच में बेहतर प्रदर्शन करने उतरेगा। तिरूवनंतपुरम में दूसरा मैच वेस्ट इंडीज के जीत जाने से शृंखला 1-1 से बराबरी पर है। विराट कोहली की शानदार पारी के दम पर भारत ने हैदराबाद में पहला मैच जीता था।

भारतीय खेमे की नजरें युवा आफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर और खराब फार्म से जूझ रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पर होगी। देखना यह है कि टीम प्रबंधन सुंदर को उतारता है या कुलदीप यादव को मौका मिलता है। सुंदर ने पिछले पांच टी20 मैचों में सिर्फ तीन विकेट लिए हैं। उसने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो और बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 मैचों में 23 ओवरों में 144 रन दे डाले। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टी20 मैचों में उन्हें विकेट नहीं मिला। कप्तान कोहली उनकी फील्डिंग को लेकर भी चिंतित होंगे। पिछले मैच में उन्होंने लैंडल सिमंस का आसान कैच टपकाया जिन्होंने वेस्ट इंडीज के जीत की नींव रखी। कुलदीप ने आखिरी टी20 मैच हैमिल्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ फरवरी में खेला था। पहले दो मैचों में उन्हें टीम में जगह नहीं मिल सकी। वहीं पंत के लिए हालात मुश्किल होते जा रहे हैं।

**खराब** क्षेत्ररक्षण और लचर गेंदबाजी का खामियाजा भुगत रही है भारतीय क्रिकेट टीम

**इस** मैदान पर वेस्टइंडीज ने 2016 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत को हराया था और बाद में खिताब भी अपने नाम किया ।

**मैच** भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से शुरू होगा।

**टीमें :**

भारत : विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, लोकेश राहुल, संजू सैमसन, ऋषभ पंत, मनीष पांडे, श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, दीपक चाहर, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी।

वेस्ट इंडीज : कीरोन पोलार्ड (कप्तान), फेबियन एलेन, ब्रैंडन किंग, दिनेश रामदीन, शेल्डन कॉटरेल, एविन लुईस, शेरफाने रदरफोर्ड, शिमरोन हेटमेयर, खारी पियरे, लेंडिल सिमंस, जेसन होल्डर, हेडन वॉल्श जूनियर, कीमो पॉल और केसरिक विलियम्स।



कुलदीप यादव

# नेहरू कप फाइनल में हिंसा, 11 हॉकी खिलाड़ी निलंबित

नई दिल्ली, 10 दिसंबर (भाषा)।



**हॉकी इंडिया की अनुशासन समिति ने की कार्रवाई**

हॉकी इंडिया की अनुशासन समिति ने मंगलवार को कड़ा फैसला करते हुए पंजाब सशस्त्र पुलिस और पंजाब नेशनल बैंक के बीच हाल में 56वें नेहरू कप फाइनल के दौरान हिंसा में भूमिका के लिए 11 खिलाड़ियों और दो टीम अधिकारियों को निलंबित किया। पिछले महीने नेहरू कप फाइनल के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाथापाई हुई थी और टर्फ पर ही एक दूसरे पर इन दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने हॉकी भी चलाई थी जिसके बाद हॉकी इंडिया ने टूर्नामेंट के आयोजकों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी।

रिपोर्ट की समीक्षा करने और वीडियो साक्ष्य देखने के बाद हॉकी इंडिया के उपाध्यक्ष भोला नाथ सिंह की अध्यक्षता में समिति ने सर्वसम्मति से पंजाब सशस्त्र पुलिस और पंजाब नेशनल बैंक के खिलाड़ियों को क्रमशः 12-18 महीने और 6-12 महीने के लिए निलंबित करने का फैसला किया। हॉकी इंडिया ने विज्ञप्ति में कहा, 'समिति ने पंजाब सशस्त्र पुलिस के खिलाड़ियों हरदीप सिंह और जसकरन सिंह पर 18 महीने के लिए प्रतिबंध लगा दिया जबकि दुपिंदरदीप सिंह, जगमीत सिंह, सुखप्रीत सिंह, सरवनजीत सिंह और बलविंदर सिंह को हॉकी इंडिया / हॉकी इंडिया लीग की आचार संहिता के तहत स्तर तीन के अपराध के लिए 11 दिसंबर से 12 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया।' इसमें कहा गया, 'स्तर तीन के अपराध के लिए टीम मैनेजर अमित संधू को भी 18 महीने के लिए निलंबित किया गया है। यह भी सिफारिश की गई कि पंजाब पुलिस की टीम को तीन महीने के निलंबित किया जाए और टीम 10 मार्च 2020 से नौ जून 2020 (अनधिकृत टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के कारण लगा निलंबन खत्म होने के बाद) तक अखिल भारतीय टूर्नामेंटों में खेलने की पात्र नहीं होगी।' पंजाब नेशनल बैंक के खिलाड़ी सुखजीत सिंह, गुरसिमरन सिंह और सुमित टोप्पो को 12 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है जबकि टीम के कप्तान जसबीर सिंह को छह महीने के लिए निलंबित किया गया है। टीम के मैनेजर सुशील कुमार दुबे को भी आचार संहिता और प्रतिबंधों का पालन करने में उनकी टीम की अक्षमता के कारण छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। यह भी सिफारिश की गई कि पंजाब नेशनल बैंक की टीम को तीन महीने के निलंबन के तहत रखा जाए और वह 11 दिसंबर से 10 मार्च तक किसी भी अखिल भारतीय टूर्नामेंट में खेलने की पात्र नहीं होगी। समिति ने सर्वसम्मति से यह भी सहमति व्यक्त की कि उपरोक्त सभी खिलाड़ी अपने प्रतिबंधों की समाप्ति के बाद 24 महीने की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे और आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के लिए तत्काल स्तर तीन का अपराध माना जाएगा और वह व्यक्ति स्वतः दो साल के लिए निलंबित हो जाएगा।

### सैग खेलों में रेकार्ड पदकों के साथ भारत ने समाप्त किया अभियान

काठमांडू, 10 दिसंबर (भाषा)।

भारत ने 13वें दक्षिण एशियाई खेलों (सैग) में मंगलवार को यहां अपने अभियान का अंत रेकार्ड 312 पदकों के साथ किया जिसमें 174 स्वर्ण के अलावा 93 रजत और 45 कांस्य पदक शामिल हैं।

भारत ने गुवाहाटी और शिलांग में आयोजित हुए इन खेलों के पिछले सत्र (2016) में कुल 309 पदक हासिल किए थे जिसमें 189 स्वर्ण थे। इस बार हालांकि स्वर्ण पदकों की संख्या पिछली बार से 15 कम है। मेजबान नेपाल 206 पदक (51 स्वर्ण, 60 रजत और 95 कांस्य) के साथ दूसरे जबकि श्रीलंका 251 पदकों (40 स्वर्ण, 83 रजत और 128 कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत 1984 में शुरू हुए दक्षिण एशियाई खेलों के सभी आयोजन में पदक तालिका में शीर्ष पर रहा है। मंगलवार को इन खेलों के आखिरी दिन भारत ने 15 स्वर्ण सहित दो रजत और एक कांस्य पदक के साथ कुल 18 पदक हासिल किया।









रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 24, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।



www.readwhere.com